


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 81 | कोरबा, रविवार , दिनांक 22 दिसम्बर 2024 डाक 23 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए



**देश-विदेश**
महाराष्ट्र में विभागों का बंटवारा, सीएम फडणवीस के पास रहेगा गृह मंत्रालय



**फीचर पेज**
सर्दी से बचने के लिए दूध में मिलाकर पिएं ये 4 चीजें, मौसमी बीमारियों से भी होगा बचाव



# नियम तोड़े, तो छोड़ेंगे नहीं..., बाल विवाह पर हिमंत सरकार सख्त, एक ही रात में 416 लोगों को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बाल विवाह के खिलाफ असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार सख्ती से पेश आ रही है। इसके खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत असम पुलिस ने बीती रात 416 लोगों को गिरफ्तार किया और 335 मामले दर्ज किए। गिरफ्तार किए गए लोगों को आज अदालत में पेश किया जाएगा।बाल विवाह को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पोस्ट भी सामने आया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है। बीती रात को शुरू किए गए तीसरे चरण के अभियान में 416 गिरफ्तारियां की गईं और 335



मामले दर्ज किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। हम इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए साहसिक कदम उठाते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि राज्य सरकार असम के लोगों की पहचान को बनाए रखने और उनके विकास को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।असम आंदोलन के पहले शहीद खड़गेश्वर तालुकदार के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बलिदान ने राज्य के साथ-साथ पूरे देश में शोक की लहर पैदा कर दी। उन्होंने कहा कि खड़गेश्वर तालुकदार से प्रेरित होकर 800 से अधिक अन्य शहीदों ने भी राज्य के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। मुख्यमंत्री सरमा ने यह भी कहा कि असम आंदोलन असम और उसके लोगों को अवैध प्रवास के अभिशाप से बचाने के संकल्प की अभिव्यक्ति था। इससे पहले 10 दिसंबर को सोनितपुर जिले के जमुरीहाट में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित स्वाहिद दिवस समारोह में भाग लेते हुए सीएम सरमा ने कहा कि असम सरकार मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने असम आंदोलन में जाति, माटी और भेटी के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को भी श्रद्धांजलि दी।

## हथियारबंद बदमाशों का आतंक, कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहनों में लगाई आग



**रांची, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जिले के खलारी थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह चार बजे हथियारबंद अपराधियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाइवा ट्रक को आग के हवाले कर दिया। बताया गया कि निर्मल महतो चौक के पास अपराधियों ने तीनों वाहनों को रोका और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की। इसके बाद उन्होंने वाहनों में आग लगा दी। घटना की सूचना पाकर खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रंगदारी वसूलने के लिए आलोक गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है।

झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर पर सख्ती के तमाम दावों के बावजूद कंस्ट्रक्शन और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों पर हमले की घटनाएं लगातार हो रही हैं। पिछले चार महीनों में ऐसी सात घटनाएं सामने आई हैं। पूरे राज्य में कंपनियों से रंगदारी और लेवी वसूली करने वाले कई आपराधिक गिरोह उग आए हैं, जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। 3 दिसंबर को रांची में खलारी के पास पिपरवार थाना क्षेत्र में एक कोल माइन्स कंपनी के हाइवा ट्रक को अपराधियों ने फूंक डाला था। एक दिसंबर को रांची जिले के ओरमांझी में श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर हमला कर गोलीबारी की गई थी और एक कंटेनर को आग के हवाले कर दिया गया था। 19-20 नवंबर को लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल के पास उग्रवादियों ने तुबेद कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रहे पांच हाइवा वाहनों को जला डाला था। उग्रवादियों ने कई राउंड फायरिंग और वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की थी। 28 नवंबर को मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमिया में आलोक गिरोह ने बालू लदे एक ट्रक को फूंक डाला था। इसी तरह एक अक्टूबर को हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी बरियातू स्थित एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) की कोल माइन्स से ट्रांसपोर्ट करने वाली पीएनएम कंपनी के सेंटर पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर पांच हाइवा गाड़ियों में आग लगा दी थी। सितंबर महीने में बोकारो जिले में जैनामोड़ से गोला तक सड़क का निर्माण करा रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी की साइट पर पीएलएफआई के अपराधियों ने हमला कर डोजर और रोलर को आग के हवाले कर दिया था।

## मुश्ताक खान-सुनील पाल अपहरणकांड में पुलिस की कार्रवाई आरोपितों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम, गैर जमानती वारंट जारी



**बिजनौर 22 दिसम्बर ।** अभिनेता मुश्ताक खान व हास्य अभिनेता सुनीलपाल अपहरण कांड में आरोपित लवीपाल, अंकित पहाड़ी और शिवम के कोर्ट ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया है। विवेचक के प्रार्थनापत्र पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है। तीनों पर एसपी की ओर से 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। उधर, आरोपितों की तलाश में पुलिस उत्तराखंड, दिल्ली समेत कई जगह दबिश दे रही है। सिने कलाकार मुश्ताक खान के अपहरण और वसूली केस में लवीपाल, अंकित पहाड़ी और शिवम फरार चल रहे हैं। तीनों की गिरफ्तारी पर एसपी की ओर से 25-25 हजार रुपए इनाम घोषित है। गिरफ्तारी नहीं होने पर विवेचक व शहर कोतवाल उदयप्रताप सिंह ने आरोपितों के वारंट लेने के लिए शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। आरोपितों के वारंट जारी होने के बाद पुलिस कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्री पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में 10 लाख के आभूषण की चोरी

**रायपुर, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रायपुर में चोरों ने अब मंदिरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। लाभांडी स्थित जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है, जिसमें कीमती कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद तेलीबाधां पुलिस



मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर के लाभांडी स्थित श्री पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की बड़ी घटना हुई है। चोरों ने मंदिर में 10 लाख से अधिक के कलश, छत्र समेत अन्य आभूषण को लेकर फरार हो गए है।

मंदिर में भगवान की मूर्ति को छोड़कर चोरों ने सबकुछ पार कर दिया हैं. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। चोरों ने जैन मंदिर में मूलनायक का स्वर्ण पॉलिस छत्र, 5 पंचमेरू, 8 अष्टप्रिहार्य, चांदी की 2 बड़ी थाली, चांदी के 9 अभिषेक कलश, चांदी के 6 शांतिधारा झारी, एक स्वर्ण कलश, चार छत्र चांदी, दो चांदी भाली, तीन आशिका, 5 चांदी की छोटी प्लेट, एक चांदी का लोटा, चांदी की एक गुंडी, चांदी की एक बड़ी गंजी, चांदी की एक चम्मच और अन्य सामग्री चोरी की है।

# 71 हजार युवाओं को कल पीएम मोदी सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रायपुर-दिल्ली, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला में 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में एक साथ 45 जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह नियुक्तियां गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में की गई हैं। पीएमओ के अनुसार, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में ये एक और कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। इससे पहले 29 अक्टूबर को, पीएम मोदी ने रोजगार मेले को संबोधित किया था और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। उस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला रोजगार मेला (29 अक्टूबर) था।

रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। इसके तहत अब तक 13 मेलों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें साढ़े आठ लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। पहले समारोह के दौरान 75,000 से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। भर्ती केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्वयं और यूपीएससी, एसएससी और रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। चयन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से कुशल बताया जाता है।

## राहुल गांधी ने गृहयुद्ध के लिए उकसाया, जिला अदालत से नोटिस जारी



**यूपी।** बरेली की जिला अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव के दौरान सम्पत्ति विभाजन वाले उनके बयान को लेकर नोटिस जारी किया है। इस मामले में राहुल को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। सुनवाई सात जनवरी को होनी है। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने यह बयान दिया था जिसके खिलाफ वाद दायर किया गया है। याचिकाकर्ता और हिन्दूवादी नेता पंकज पाठक का कहना है, हमें लगा कि राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान जो बयान दिया था, वह देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश जैसा था। हमने सबसे पहले उनके खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में केस दायर किया था। उसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद हम डिस्ट्रिक्ट जज कोर्ट में गए, वहां हमारी अपील स्वीकार कर ली गई और राहुल गांधी को नोटिस जारी कर दिया गया। नोटिस में तारीख 7 जनवरी है। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक बयान में सरकार में आने पर आर्थिक सर्वेक्षण कराने की बात कही थी। इस बयान को लेकर तब काफी विवाद हो गया था। कहा जा रहा था कि इस सर्वेक्षण के आधार पर संपत्ति विभाजन की बात कही जा रही थी। आरोप लगाए गए थे कि राहुल गांधी एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए इस तरह के बयान देते हैं।

# शिवपुरी में तीन लोग जिंदा जले, रात में सर्दी के कारण आग जलाकर सोए थे मृतक

**शिवपुरी, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश में इन दिनो कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव जला रहे हैं, लेकिन शिवपुरी जिले के बैराड़ में सर्दी से बचने के लिए आग जलाकर सोना महंगा पड़ गया। यहां रात को ठंड से बचने के लिए लोग आग जलाकर सोए थे, लेकिन अनहोनी घट गई। जलने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक बंजारा समुदाय के हैं। बैराड़ में बीती रात सोते समय तीन लोग जिंदा जल गए।



रात को सर्दी के चलते तीनों अलाव जलाकर सोये थे। अलाव से आग झोपड़ी में फैल गई और इसमें सो रहे तीनों लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कराची में कपड़े के गोदाम में लगी आग बिल्डिंग हुई धुआं-धुआं, सर्च ऑपरेशन शुरू



**कराची, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के कराची के जमशेद रोड पर एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे काफी नुकसान हुआ। रिपोर्टों के अनुसार, आग शुरू में ग्राउंड फ्लोर तक फैली फिर उसके बाद इस आग ने कराची के जमशेद रोड स्थित इमारत की पहली मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आग ज्यादा फैलने से टिन की चादरें ढह गईं। पाकिस्तान के एरी न्यूज ने इस घटना की जानकारी दी है। आग पर काबू पाने के लिए छह फायर टेंडर और वाटर बोजर को घटनास्थल पर भेजा गया है। हालांकि आग की भीषणता के कारण आग पर काबू पाने में समय लग रहा है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि आग लगने के वक्त इमारत के अंदर कोई मौजूद नहीं था। हालांकि, एहतियात के तौर पर अग्निशमन कर्मी परिसर की गहन तलाशी ले रहे हैं। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने संबंधित अधिकारियों को घटना पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने आग पर काबू पाने और आगे की क्षति को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करने के महत्व पर भी जोर दिया।एक हफ्ते से भी कम समय में पाकिस्तान में यह दूसरी बड़ी अग्नि दुर्घटना की घटना है। इससे पहले 19 दिसंबर को तेजगाम एक्सप्रेस में आग लग गई थी, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई थी। पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता के मुताबिक, यह घटना कोट लखपत और जिया बग्गा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। लाहौर से कराची जाते समय तेजगाम एक्सप्रेस के ब्रेक वैन में आग लग गई। प्रवक्ता के अनुसार, घटना होते ही यात्री तुरंत ट्रेन से उतर गए और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलूच ने घटना की तत्काल जांच के आदेश दिए थे और अधिकारियों को दो दिनों के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

## सीएम विष्णुदेव साय आज दिल्ली दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार यानी आज नई दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल माना रायपुर से नियमित विमान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री संध्या 4.40 बजे छत्तीसगढ़ सदन पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे। इस दौरान साय केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। 23 दिसंबर को वे इन्वेस्टर मीट समिट में हिस्सा लेंगे और निवेशकों से बातचीत करेंगे। राज्य सरकार बस्तर में पर्यटन की संभावनाओं को लेकर चर्चा करेगी। ये कार्यक्रम राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले बीते महीने दिल्ली में वे एनएच की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे।









# विष्णुदेव की भावनात्मक पाती ने किसानों में किया विश्वास और उत्साह का संचार

## किसानों के प्रति सरकार की सहयोग भावना को दर्शाती विष्णु की पाती - किसान कार्तिक राम



कोरबा । विष्णु की पाती पढ़कर किसानों में एक नई ऊर्जा और खुशी का संचार हुआ है। इस पहल के माध्यम से सरकार ने किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया है। जिससे उन्हें यह महसूस हुआ कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से न केवल किसानों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि यह सरकार और किसानों के बीच विश्वास और सहयोग की एक नई मिसाल भी पेश करती है।

कोरबा विकासखण्ड के भैंसमा में आयोजित किसान सम्मेलन में आज किसानों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का किसानों को संदेश विष्णु की पाती दी गई । जिसे पढ़कर अन्नदाताओं में उमंग एवं उत्साह का संचार हुआ। सम्मेलन में आए कृषक प्यारे लाल कंवर, सुखसिंह नगेशिया, कार्तिक राम, धरमनी दास, सुखवार सिंह ने कहा कि सरकार किसान हितैषी है तथा उनकी खुशहाली एवं समृद्धि के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग भावना को दर्शाता है।

किसान कार्तिक राम ने कहा कि विष्णु की पाती पढ़कर हमारा मनोबल बढ़ा है, हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि हमारी सरकार हमारे परिश्रम को समझती है और हमें सम्मान देती है। इस पत्र ने हमें यह महसूस कराया कि हम अकेले नहीं हैं, बल्कि हमे मजबूती प्रदान करने के लिए हमारे साथ प्रदेश का मुखिया खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गत वर्ष सुशासन दिवस पर किसानों को धान के दो वर्ष की बकाया बोनस राशि प्रदान की है। इस वर्ष 3100 रुपए के समर्थन मूल्य पर किसानों से उनकी उपज की खरीदी कर रही है। इससे किसान आर्थिक रूप से शसक्त बन रहे है। किसान सुखसिंह नगेशिया ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है कि कृषक कल्याण में लगी सरकार विष्णु की पाती के माध्यम से हमसे सीधा संवाद कर रही है। इससे हमें यह अहसास होता है कि सरकार हमारी भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

कृषक प्यारे लाल कंवर ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम किसानों के लिए बेहद सकारात्मक और उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि विष्णु की पाती के माध्यम से सरकार ने सीधे किसानों से संवाद स्थापित किया है, जो हमारे लिए एक सुखद अनुभव है। इससे यह साबित होता है कि सरकार किसानों की समस्याओं और जरूरतों को समझने के लिए तत्पर है। और हमे कृषि के उन्नत तरीके अपनाकर उत्पादन बढाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। इस प्रकार सभी किसानों में विष्णु की पाती पढ़कर उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इस पहल ने उन्हें यह महसूस कराया कि सरकार का समर्थन उनके साथ है जो उनके और मेहनत की सराहना करती है। इस कदम से किसानों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति आश्वस्त भी किया है।



## सतरेंगा में नल का पानी पीकर कमिश्नर ने गुणवत्ता, लोगों से ली जानकारी

कोरबा । बिलासपुर संभागायुक्त श्री महादेव कांवरे ने आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत, मुख्य अभियंता बिलासपुर संभाग श्री संजय सिंह के साथ कोरबा विकासखण्ड के सतरेंगा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के घर जाकर नलों से पानी चालू कर के देखा और पानी पीकर पानी के स्वाद को परखा। संभागायुक्त श्री कांवरे ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनसे पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पानी की समस्या नल लग जाने से दूर हो गई है। अब उनके घरों में ही नल का पानी आता है। पीएचई विभाग के ईई श्री ए के बच्चन ने बताया कि सतरेंगा में लगभग डेढ़ हजार परिवारों को जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से घर में पानी उपलब्ध होता है। संभागायुक्त ने जिले में जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## संभागायुक्त महादेव कांवरे की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज की स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक हुई आयोजित




कोरबा । संभागायुक्त बिलासपुर श्री महादेव कावरे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की स्व शासी प्रबंध कारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं हेतु आवश्यक सुविधाएं विकसित करने, पीजी कोर्स प्रारंभ करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित एनएमसी के मापदंडों को पूर्ण करने हेतु अनेक अधोसरंचना विकास के प्रस्तावित कार्यो के संबंध में चर्चा करते हुए प्रस्तावित कार्यो का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत बसंत, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज डॉ के.के. सहारे, उप अस्पताल अधीक्षक डॉ दुर्गा शंकर पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक उपस्थित थे।

कमिश्नर श्री कांवरे ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं हेतु आवश्यक सभी सुविधाएं विकसित करने हेतु कॉलेज में स्मार्ट क्लासरूम, लेक्चर रूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, बालक-बालिका छात्रावासों में स्टूडेंट डेस्क, चेयर, टेबल, आलमारी, लेक्चर हॉल, बिस्तर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अनेक कार्यो का अनुमोदन किया। इसी प्रकार महाविद्यालय में 26 नग कंप्यूटर व कम्प्यूटर एसिस्टेड लर्निंग सॉफ्टवेयर क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया।

मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बुजुर्ग व दिव्यांग मरीजो हेतु रैम्प निर्माण सहित आवश्यक अधोसरंचना निर्माण व मरम्मत कार्यो हेतु चर्चा, चिकित्सालय में माइक्रो बायोलॉजी, पैथोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री लैब के सुचारू संचालन हेतु हमर लैब में एसी लगाने व रिजेंट सहित अन्य सामग्रियों के सुरक्षित रख रखाव हेतु मॉड्यूलर रैक की व्यवस्था के लिए प्रस्तावित कार्यो का अनुमोदन किया गया। उन्होंने महाविद्यालय में सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । इस हेतु यथास्थानो में सी.सी.टी.वी कैमरा लगाने निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्री बसंत ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजिक उपक्रम संयंत्र एसीईसीएल द्वारा मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओ के सुगम परिवहन हेतु 3 नए बस एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु 01 करोड़ की राशि प्रदान की गई है एवं नए आधुनिक मेडिकल उपकरण क्रय हेतु 2.5 करोड़ से अधिक राशि भी शीघ्र प्रदान की जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के विस्तार हेतु विभिन्न आधुनिक मशीनों का क्रय हेतु 05 करोड़ रूपए, विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 07 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। मेडिकल कॉलेज में विशेष चिकित्सकों की कमियों को पूरा करने के लिए डीएमएफ से मानदेय में वृद्धि की गई है। साथ ही महाविद्यालय में में सी.टी. स्कैन सहित अन्य सुविधाओं के विकास हेतु डीएमएफ से 10 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे आगामी सत्र में पीजी की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## धान उठाव में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में अब तक पंजीकृत किसानों से 99,362.24 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान खरीदी की गई है एवं उपार्जन केंद्रों से अब तक 41560.84 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है साथ ही 57801.40 मीट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। जिसका भी शीघ्रता से उठाव पूर्ण कर लिया जाएगा। समितियों से धान उठाव एवं डीओ जारी करने में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिले में उपार्जन केंद्रों से तेजी से धान का उठाव किया जा रहा है।

## बिलासपुर संभागायुक्त श्रीमहादेव कावरे ने कोसाबाड़ी जोन में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का किया निरीक्षण



कोरबा । बिलासपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने सुशासन सप्ताह के अवसर पर नगर पालिका निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों व निराकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री कावरे सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिविर में निगम कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अंतर्गत लगाए गए काउंटरों में पहुंचकर संचालित की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निगम क्षेत्र में संपत्ति कर, जल कर, गुमस्ता सहित विभिन्न करों से प्राप्त होने वाले राजस्व की जानकारी लेते हुए राजस्व वसूली के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही नगर वासियों से क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर कमिश्नर सहित अन्य अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को बीपीएल एवं अत्यांदय राशन कार्ड का वितरण भी किया गया।गौरतलब है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर कोरबा नगर निगम सभी 07 जोन कार्यालयों कोसाबाड़ी जोन, टी.पी.नगर जोन, पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन, कोरबा जोन, बालको जोन, दर्री जोन व सर्वमंगलानगर जोन आदि में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंजीयन केन्द्र, हेल्पडेस्क, निर्माण एवं भवन अनुज्ञा, राजस्व वसूली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, गुमास्ता, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन, स्वच्छता व साफ-सफाई, विद्युत स्ट्रीट लाईट, पेयजल, जलकर व नल कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड आदि के काउंटर का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उक्त शिविरों में नागरिकों की विभिन्न समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुमति सहित पेयजल, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट आदि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया।



## ब्लॉक स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम धवईपुर में सम्पन्न

कटघोरा। सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर के तहत 21 दिसंबर को जिला प्रशासन के निर्देश पर जनपद पंचायत कटघोरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धवईपुर में विकासखंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जनपद पंचायत कटघोरा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार ने सफलतम 1 वर्ष पूर्ण कर लिया है सरकार गरीब व किसानों की चिंता करते हुए उनके समस्याओं का निदान करने का भरसक प्रयास कर रही है उसी तारतम्य में आज ग्राम धवईपुर में विकासखंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित होकर आम जन के समस्याओं का शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदन के आधार पर समाधान करने का प्रयास करेंगे। उपाध्यक्ष श्री कंवर ने छत्तीसगढ़ सरकार विष्णु के पाती का वाचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, पात्र हितग्राहियों को मसूर बीज का वितरण किया । शिविर में जनपद कटघोरा को 24, राजस्व विभाग को 6, विद्युत विभाग को 3, पी एच ई 3, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग को 1-1 आवेदन इस तरह कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए।

## सवाल के जवाब से खुश संभागायुक्त ने विद्यार्थियों को दिए इनाम



कोरबा । कोरबा जिले के प्रवास पर आए बिलासपुर संभागायुक्त श्री महादेव कांवरे ने आज अजगरबहार में आंगनबाड़ी, आश्रम और स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकंडरी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी और गणित विषय से संबंधित सवाल पूछे। विद्यार्थियों द्वारा सवालों का सही उत्तर दिए जाने से खुश संभागायुक्त श्री कांवरे ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अच्छे से पढ़ाई कर अपने माता-पिता स्कूल का नाम रौशन करने की प्रेरणा दी, साथ ही खुशी-खुशी बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सौ-सौ रुपये इनाम के रुप में दिए। उन्होंने अगली बार आने की बात कहते हुए सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और स्कूली किताब के साथ ही सामान्य ज्ञान की जानकारी भी रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री कांवरे ने कक्षा दूसरी की छात्रा कुमारी पृथ्वी, छात्र सुभाष देवांगन, कक्षा आठवी की छात्रा कुमारी छाया, कक्षा दसवीं की छात्रा स्वाति, 12वीं के छात्र विष्णु कुमार से अलग-अलग विषयों से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थी से नोट में किसकी तस्वीर है? आठवीं के विद्यार्थी से चार अंको का जोड़, 10वीं के विद्यार्थी से नॉलेज को अंग्रेजी में लिखने तथा 12वीं की छात्रा से छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम पूछा। विद्यार्थियों ने संभागायुक्त के प्रश्न का सही उत्तर दिया। जिससे खुश होकर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य से विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

विद्यालयों में भोजन तैयार हेतु जिला प्रशासन द्वारा किए गए पहल की सराहना की -

श्री कांवरे ने विद्यालय में तैयार किए जा रहे मध्यान्ह भोजन का भी अवलोकन कर गुणवत्ता की जांच की एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय में भोजन पकाने हेतु किए गए गैस सिलेण्डर व रिफलिंग की व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए इस पहल की सराहना की।

श्री कांवरे ने अजगरबहार में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण-

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश -

इस दौरान बिलासपुर कमिश्नर श्री कांवरे ने अजगरबहार में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मेन्यू के आधार पर भोजन और रेडी टू इट प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर ड्यूल पम्प से पानी की आपूर्ति को भी देखा और ग्रामीणों से चर्चा करते हुए शासकीय उचित मूल्य की दुकान से प्राप्त हो रहे खाद्यान्न की जानकारी ली। इस दौरान शिक्षा संभाग के सयुंक्त संचालक श्री रामायण आदित्य, जिला शिक्षा अधिकारी श्री तामेश्वर उपाध्याय, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, डीएमसी श्री मनोज खाण्डे, बीईओ पोड़ी उपरोड़ा श्री डी. लाल, बीईओ कोरबा श्री संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## निर्मल राज सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



कोरबा। आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं कोरबा सर्व आदिवासी समाज कोरबा के उपाध्यक्ष निर्मल राज को सांसद ज्योत्सना महंत ने आदिम जाति कल्याण विभाग जिला कोरबा में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है।श्री राज अब सांसद प्रतिनिधि के रूप में कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग में समय-समय पर आयोजित बैठकों में उपस्थित होकर क्षेत्र के समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखेंगे। श्री निर्मल राज ने इस नियुक्ति पर सांसद ज्योत्सना महंत के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री राज के नियुक्ति पर आदिवासी समाज सहित कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है।

## 24वां वार्षिक समारोह रितंभरा 22 एवं 23 दिसंबर को

कोरबा । डीएम इंडिया सेंट ज़ेवियर्स पब्लिक स्कूल, कोरबा, अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष अपने 24वां वार्षिक समारोह रितंभरा आयोजित कर रहा है। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की ओर से हम सभी कोरबा नगरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया हैं। विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के प्रथम दिवस 22 दिसंबर 2024, रविवार को शाम 4 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में जयदीप गर्ग, स्पेशल जज, जिला सत्र न्यायालय, कोरबा, विशिष्ट अतिथि जुरावन सिंह ठाकुर, समाजसेवी कोरबा एवं डॉ. देवाशीष मिश्रा, (बी.ए.एम.एस.) आरोग्य मंदिर, देवपहरी कोरबा होंगे। कार्यक्रम अंतर्गत अतिथियों के द्वारा विद्यालय के वार्षिक पत्रिका अस्थेटिका भाग-8 का विमोचन किया जायेगा।

# भैंसमा में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन व जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

कोरबा । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में ''सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' की थीम पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोरबा विकासखण्ड के भैंसमा स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

किसान सम्मेलन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कोरबा श्रीमती हरेश कंवर, जिला पंचायत सदस्य श्री नीलिमा लहरे, श्री संदीप कंवर, सरपंच भैंसमा श्रीमती कुंती कंवर, सीईओ जनपद कोरबा श्रीमती कौशाम्बी गबेल, प्रभारी उपसंचालक कृषि श्री देवेंद्र कंवर, नोडल सहकारी बैंक श्री एस के जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष श्रीमती कंवर ने कहा कि सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस के रूप में आज किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

उन्होंने सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी रखने एवं उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्बोधित करते हुए लोगों को योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, उद्यान, वन, राजस्व सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आमजनो को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनो का शुगर, बीपी, सर्दी, बुखार सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें लाभांवित किया गया एवं नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई। इस दौरान कृषको को पुष्प गुच्छ एवं फूल-माला से सम्मानित कर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का शुभकामना संदेश विष्णु की पाती का वितरण भी किया गया।



कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत प्रत्येक किसान को प्रतिवर्ष 06 हजार रूपये प्रदान किया जाता है। इस हेतु सभी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन करने की समझाईश दी गई। साथ ही उन्हें उन्नत एवं जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग द्वारा आमजनों को जानकारी देते हुए बताया गया कि खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले में 54,093 किसानो ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। अब तक 19814 कृषकों से 09 लाख 72 हजार 504 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसके एवज में 16,350 कृषकों को 168.85 करोड़ का भुगतान उनके बैंक खाते में किया गया है। इसी प्रकार जिले के 41 सहकारी समितियों में 57,389 किसान केडिट कार्ड जारी किये गये हैं, जिससे किसानों को खाद-बीज एवं नगद ऋण समितियों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। चालू खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 41 सहकारी समितियों एवं 06 सहकारी बैंकों द्वारा 22746 किसानों को 77 करोड़ 73 लाख का ऋण वितरण किया गया है।

कोरबा जिले में केन्द्र प्रायोजित योजनांतर्गत 41 सहकारी समितियों का कम्प्यूटराईजेशन के कार्य भी किया जा रहा है, समितियों का कम्प्यूटराईजेशन हो जाने से जिले के किसानों को विभिन्न कार्यों में पारदर्शिता के साथ-साथ विभिन्न सुविधाएं भी प्राप्त हो सकेगी। वर्तमान में कोरबा जिला सहकारी समितियों का कम्प्यूटराईजेशन के कार्य प्रथम स्थान पर है। साथ ही समितियों के पुनर्गठन का कार्य भी किया जा रहा है।

नवीन समिति के बनने से किसानों को अपने विभिन्न कार्यों हेतु लम्बी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा।जिला स्तरीय किसान सम्मेलन की भांति ही पाली विकासखण्ड में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में खण्ड स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन कर किसानों

# संकल्प को झूठा साबित कर रही भाजपा सरकार :रमेश पैगवार

## किसान कांग्रेस का सिवनी में धरना प्रदर्शन

**जांजगीर चांपा ।** प्रदेश में किसान को धान बेचने में हो रही समस्याएं एवं सरकार के किसान विरोधी रवैए को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महामंत्री के आदेश पर जिला किसान कांग्रेस द्वारा आज 17 दिसंबर को जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन सिवनी धान खरीदी केंद्र के सामने किया गया ।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू धर्म में संकल्प सबसे बड़ा होता है , उसको भी प्रदेश की भाजपा सरकार झूठा साबित कर रहा है और किसानों को अपने धान बेचने एवम उसकी कीमत पाने के लिए अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है , यही नही अपितु प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद लगातार सभी वर्ग परेशानियों से जुझ रहा है । धरना प्रदर्शन को किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी विनोद शुक्ला , जिला कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कमल काका साव ,



जगदीश जाटवर , पवन कश्यप , सुनील राठौर ने भी संबोधित कर किसानों की समस्याओं को बताया । इस अवसर पर सत्यप्रकाश मुन्ना सिंह पार्षद , वरिष्ठ कांग्रेसी , राजू लाठिया,संतोष रत्नाकर,सिद्धेश्वर, राजकुमार यादव पच शिवानी, बलराम प्रधान,कामेश ताम्रकर, उमेश यादव, सरोज यादव,सहित समस्त किसान उपस्थित रहे ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में अनेक चेहरे शामिल

## नंदनी राजवाड़े एवं रजनी साहू भी दौड़ में

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में अनेक चेहरे है जो खुद जिला अध्यक्ष बनने के लिए उठा पटक में लग गए हैं इसके लिए जहां अपने लोगों को लगातार एक दूसरे के द्वारा फोन किया जा रहा है तो वही समर्थन मांगने का दौरा जारी है। वैसे तो सत्ता पक्ष होने के कारण भाजपा में जिला अध्यक्ष बनने के लिए अनेक नेता लालायित है लेकिन किसके चेहरे पर ताज होगा यह तो समय पर ही पता चल सकेगा ।

जांजगीर चांपा जिले में सबसे प्रथम नाम पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े का लिया जा रहा है जिनका नाम सबसे आगे है जो भाजपा नेता नारायण चंदेल के सबसे करीबी माने जाते हैं।वही दूसरा नाम वर्तमान जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल का है जो पुन: जिलाध्यक्ष बनने के लिए रणनीति बनाना शुरू कर दिए हैं, किंतु उनका कार्यकाल विवादित रहा है जिन पर सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष बनाने











के लिए लेनदेन किए जाने का आरोप लगते रहा है। वही जांजगीर के युवा नेता अमर सुल्तानिया का नाम जिलाध्यक्ष के दौड़ में प्रमुखता से है जो संगठन की राजनीति में हमेशा से सक्रिय भूमिका में दिखाई पड़ते रहे हैं। इसके अलावा चांपा के युवा नेता पुरुषोत्तम शर्मा का नाम प्रमुखता से जिलाध्यक्ष के लिए सामने आया है जो भाजपा में एक सशक्त एवं नेतृत्व करता के रूप में कार्य करते रहे हैं जो वर्तमान में जिलाध्यक्ष के दौड़ में सशक्त उम्मीदवार नजर आ रहे हैं।

वैसे तो सत्ता पक्ष होने के कारण भाजपा में इस दौड़ में अनेक नाम शामिल है जिसमें चंद्रकांत तिवारी, संतोष अग्रवाल, कार्तिकेश्वर









स्वर्णकार,नंदकुमार चौधरी, कृष्ण कुमार सिंगसार्वा,प्रशांत सिंह ठाकुर, संतोष लहरे, विवेक गोपाल, आशुतोष गोस्वामी संजू बंजारे, सहित अनेक नाम इस दौड़ में है। वही महिला उम्मीदवार की बात करें तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदिनी राजवाड़े का नाम भी भाजपा के जिलाध्यक्ष में प्रमुखता से लिया जा रहा है जो भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यक्रमों में प्रमुखता से अपनी सहभागिता निभाते हुए आज भी संगठन के प्रति समर्पित है वही दूसरा महिला दावेदार रजनी सत्तू साहू का नाम लिया जा रहा है जो अकलतरा विधानसभा से है वह भी इस दौड़ में दिखाई दे रही हैं। इनमें किसके सिर पर भाजपा की ताज होगी यह तो समय पर ही पता चल सकता है।

# धान तौलाई के अनियमितता पर अधिकारी द्वारा किया जा रहा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** धान खरीदी कार्य के दौरान केन्द्रों में समुचित ब्यवस्था नही पाए जाने की स्थिती में 3 समिति प्रबंधको पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। वही 2 प्रभारियो को इस कार्य से हटा दिया गया है।

जबकि अन्य समितियो में अनियमितता पाए जाने पर उन्हें छोड़ दिया गया है जबकि अपराध सभी के एक तरह की है इससे प्रतीत होता है कि इस मामले में खुलकर लेनदेन की गई है। इसको लेकर कई तरह के सवाल अधिकारियों पर उठने लगे हैं।

गौरलतब है कि 18 दिसम्बर को जिला उपपंजीयक की संयुक्त टीम के द्वारा अकलतरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकरिया, नवागढ क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमोदा खरीदी केन्द्र, एवं बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत पोडीशंकर केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान खरीदी कार्य में भारी लापरवाही सामने आई। इस बीच खरीदी केन्द्रो में अब्यवस्था को लेकर 3 समिति प्रबंधको पर निलंबन करने की कार्यवाही की गई। साथ ही साथ कार्यवाही किए जाने को लेकर उप आयुक्त सहकारिता, उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐ, को पत्र लिखा गया है। इसी प्रकार उपार्जन केंद्र बछौद एवं अमोरा केन्द्र मे अधिकारियो की टीम ने पाया कि खरीदी केन्द्र में नियमो के विपरीत धान खरीदी की जा रही है। इसे लेकर टीम ने धान खरीदी प्रभारियो को हटा दिया गया है। वही उनके खिलाफ अलग से दंडात्मक कार्यवाही किए जाने को लेकर पत्र भी लिखा गया है। इधर धान खरीदी केन्द्र प्रभारियो के खिलाफ कार्यवाही होने के बाद प्रभारियो में हड़कंप मच गया है। इसी तरह



जिले के सिल्ही में 41.500, कर्रा में 41.300, नैला में 41.500, पडरिया में 41.300, नदेली में 41.500 सहित अन्य समिति में डेढ़ से दो किलो अधिक तौला जा रहा है। परन्तु इन समिति प्रभारियों के मनमानी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उधर कृषक चेतना मंच ने कलेक्टर को किसानों से लूट होने तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा में भी डेढ़ किलो अधिक धान लेने का आरोप लगाया है।

ज्ञात हो कि धान की खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए भाजपा सरकार द्वारा खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक काटा से तौलाई के निर्देश दिए गए। सभी इलेक्ट्रानिक कांटा से तौला जा रहा है। लेकिन इसमें भी किसानों का अधिक धान लिया जा रहा है। किसान अब भी ठगी का शिकार हो रहे हैं।इलेक्ट्रानिक कांटा में भी गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी भी खरीदी किसानों का अधिक धान तौल किया जा रहा है। इससे किसानों की गाढ़ी कमाई में डाका डाला रहा है और देखने वाला कोई नहीं है।

विगत दिनों अधिकारियों के टीम का दौराहुआ । जो जिले के सिल्ही में 41.500, कर्रा में 41.300, नैला में 41.500, पडरिया में 41.300, नदेली में 41.500 सहित अन्य समिति में डेढ़ से दो किलो तौलते हुए पाए थे।

जिन्हें धान खरीदी में गड़बड़ी होने का सबूत मिला था बावजूद इसके इन लोगों को अभय दान दे दिया गया है जबकि इसके पूर्व तीन प्रभारी को निलंबित किया गया है तो वहीं दो प्रभारी को हटा दिया गया है। यह अधिकारियों का दोहरा चरित्र लोगों के समझ में नहीं आ रहा है जिन्होंने ने कुछ लोगों पर कार्रवाई की तो कुछ लोगों को अभय दान दे दिया गया है। इसको लेकर चर्चाओं का बाजार जोरों से गर्म है जहां अधिकारियों पर लेनदेन कर कुछ लोगों को छोड़ देने की बात चर्चा में है जिसकी जांच किया जाना आवश्यक है ताकि सच्चाई पर से पर्दा हट सके।

### कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

*किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने सिवनी धान खरीदी केन्द्र में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को झूठे वादे में गुमराह कर रही है। किसान सालभर मेहनत कर अपनी गाढ़ी कमाई को बेचने सोसायटी पहुंच रहे वहां कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बारदाना की कमी, डेढ़ से ढाई किलो तक धान की अधिक तौलाई की जा रही है, धान उठाव का समुचित व्यवस्था नहीं है।*

## भाजपा आरक्षण समाप्त करने पर उतारू है: इब्राहिम मेमन

**जांजगीर-चांपा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई कथित



विवादित टिप्पणी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति इस तरह के बयान ने कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को आक्रोशित कर दिया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के कांग्रेस नेता मोहम्मद इब्राहिम मेमन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा।

मेमन ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि उन्होंने सदियों से शोषित और वंचित समाज के लिए सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी। उनके प्रति अपमानजनक बयान देना न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि यह दलितों और पिछड़ों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। कांग्रेस नेता इब्राहिम मेमन ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पार्टी शुरू से ही दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के प्रति संवेदनहीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि भाजपा को देश में 400 सीटें मिल जाएं, तो यह पार्टी दलितों और पिछड़े वर्गों का आरक्षण ही खत्म कर देगी। मेमन ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी लाभ के लिए दलित और पिछड़े वर्गों की बात करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनके अधिकारों को छीनने का काम करती है। इब्राहिम मेमन ने जनता से भाजपा की नीतियों औ विचारधारा को पहचानने की अपील की। उन्होंने कहा कि समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अमित शाह पिछड़ा वर्ग एवं दलितों को हाशिए पर रखना चाहती है।

## 14 लाख से बनेगी नाली, हुआ भूमिपूजन



**सक्ती।** वार्ड क्रमांक 17 में पानी निकासी को लेकर कई वर्षों से समस्या बनी हुई थी वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए श्रीमती रीना गेवाडीन वार्ड पार्षद के प्रयास से आरसीसी नाली निर्माण स्वीकृत कराया गया जिसका भूमि पूजन नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के हाथों संपन्न हुआ विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने कहा विधायक विधायक डाक्टर चरण दास महंत एवम् नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल के नेतृत्व में शक्ति नगर में विकास की गंगा बह रही है नगर पालिका क्षेत्र शक्ति में उनके पूर्व कार्यकाल एवं वर्तमान कार्यकाल में नगर के प्रत्येक गलियों में सीसी रोड नाली निर्माण जैसे अनेक विकास के कार्य कराए जा रहे हैं उनके मार्गदर्शन पर नगर में विकास करने के लिए हमारे द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है जिससे नगर में सुचारू व्यवस्था हो और आम जनों को किसी भी प्रकार की सड़क नाली पानी की समस्या ना हो आगे उन्होंने कहा नगर में पानी निकासी की व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 17 में दो नाली निर्माण कार्य शुरू किये गये है । बरसात के मौसम में वार्ड वासियों को पानी निकासी को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था उनके घरों में पानी घुस जाते थे उनके द्वारा हमें पानी निकासी की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर महंत जी के प्रयास से पानी निकासी की समस्याओ से वार्ड वासियों को झुटकारा दिलाने नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत नाली निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से लेते हुए नगर के विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्य किये जा रहें हैं । समय-समय पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत के द्वारा नगर के वार्ड वासियों से मिलकर उनकी समस्याओ के अनुसार कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है । इसी परिप्रेक्ष्य में नाली निर्माण कार्य का भूमि-पूजन वार्ड नंबर 17 में 5 लाख रूपये से आर सी सी नाली निर्माण आंबेडकर चौक से सोंठी चौक तक एवं 9 लाख रूपये से अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स तक होगा भूमि-पूजन के अवसर पर नगरपालिका विधायक प्रतिनिधि नरेश के गेवाडीन पूर्व पार्षद मनोहर खूंटे ताहिर खान शिव प्रधान जीवनलाल सुरेश डेंसिल गणेश दास इंजिनियर सहित दर्जनों वार्ड एवं नगर की जनता की उपस्थित में संपन्न हुआ ।

## पहल: आयुष्मान कार्ड बनाने छपोरा में कल लगेगा शिविर

**मालखरौदा ।**अनुविभाग मालखरौदा अंचल के विभिन्न गांवों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के बीएमओ डॉक्टर मृत्युंजय राठौर ने बताया कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। संबंधित आरएचओ द्वारा सहयोग किया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार छपोरा में 23 दिसंबर, बड़े मुड़पार में 26 दिसंबर, पिहरीद में 30 दिसम्बर, बड़े सीपत में 2 जनवरी, बड़े रवेली में 8 जनवरी, सपिया में 9 जनवरी, सरसकेला में 15 जनवरी, चरौदा में 16 जनवरी व नवापारा मे 22 जनवरी को शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

## दसवीं-बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षा 10 से

**जांजगीर।** सीजी बोर्ड, दसवीं-बारहवीं का प्रैक्टिकल एग्जाम 10 जनवरी से शुरू होगा। 31 जनवरी तक स्कूलों में आयोजित किया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा के साथ ही प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा भी होगी। इस संबंध में कुछ दिन पहले माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से निर्देश जारी किया गया। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में यह परीक्षा स्कूलों में आयोजित होगी। इसमें अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को दोबारा परीक्षा में शामिल होने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

## धर्मांतरण के आरोप पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

**जांजगीर।** शिवरीनारायण में 4 महिला और 2 पुरुष धार्मिक बुकलेट दुकानों में बांट रहे थे। वे लोगों से धर्मांतरण की बात कह रहे थे। साथ ही एक धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर रहे थे। शिकायत पर शिवरीनारायण पुलिस में 6 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता बुद्धेश्वर केशरवानी ने बताया कि वह अपने इलेक्ट्रिकल्स दुकान में बैठे थे। इस दौरान दोपहर करीब 12.15 बजे कुछ महिलाएं और पुरुष पहुंचे और एक पुस्तक दी। इस पर लिखा था उपहार जो सब कुछ बदल देता है।

महिलाएं कहने लगी हमारे प्रभु का




उपहार है। आप सभी उनके धर्म को अपना लें। प्रभु अधिक शक्तिशाली है और दैवीय शक्ति से परिपूर्ण है। साथ ही एक धर्म को लेकर आपत्तिजनक बात की। शिकायत पर पुलिस ने संजय साहू, कृष्णा साहू, गायत्री साहू, पुनीबाई साहू, सुशीला साहू, गिरजा साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## कल से 30 तक चलेगी भागवत महापुराण कथा

**मालखरौदा।** नगर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 से 30 दिसंबर तक होगा। यह आयोजन कुसमूल निवासी नानबई चंद्रा, बुधराम चंद्रा, रूप कुंवर चंद्रा व उनके परिवार की ओर से कराया जाएगा। इस दौरान व्यासपीठ से व्यास के रूप में हरिद्वार से साध्वी सत्यप्रिया किशोरी कथा सुनाएंगी। कथा की शुरुवात 23 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ होगी। 24 दिसंबर को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व जड़ भरत कथा, 25 को प्रहलाद चरित्र की कथा सुनवाई जाएगी।

## एक शाम बाबा श्याम के नाम, 25 को होगा आयोजन

**सक्ती।** एक शाम बाबा श्याम के नाम का भव्य कीर्तन का आयोजन 25 दिसंबर को होगा। इस दौरान आयोजन में भजन कीर्तन में श्याम बाबा का सुंदर दरबार सजेगा। ज्योति जलाकर, प्रसाद बांटकर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। भजन-कीर्तन में कलाकार कोलकाता से रोहित शर्मा, वृंदावन से मयंक बृजवासी और दिल्ली से रितु पांचाल मधुर भजन गाकर प्रस्तुति देंगे। फर्म के संचालक राजेश सराफ और गिरधर सराफ ने बताया कि भजन-कीर्तन का आयोजन 25 दिसंबर बुधवार की शाम 6.15 से होगा। भजन संध्या का आयोजन कान्हा निवास नवधा चौक पर किया जाएगा।

**आम ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखरा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सुकली, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) भूमि खसरा नंबर 686/1 रकबा 0.006 हेक्टेयर भूमि भागीरथी, मोहन, मीरा, राखी, पिता आत्माराम, भुवन लाल, भानूप्रसाद पिता शोभराम पी मथुरा, चम्पा बेवा आत्माराम, पवन, कृष्ण कुमार पिता हरिहर, गायत्री बेवा हरिहर प्रसाद जाति कोष्ठ के नाम पर शामिल सरीक भूमि अवस्थित है। उक्त खसरा नंबर की भूमि को बेचने का पक्का सौदा किया जा चुका है निकट भविष्य में रजिस्ट्री की जायेगी। जिस पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं एवं बैंक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह एक सप्ताह के भीतर मय दस्तावेज सहित दावा आपत्ति मेरे से व्यक्तिगत उपस्थित होकर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। समयावधि समाप्त होने के उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

।। सो सूचना जाने ।।

स्थान-जांजगीर
दिनांक 22/12/2024

भवदीय
भानूप्रसाद देवांगन
निवासी-खोखरा
मो.नं.-8839102170

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम-बरपाली, प.ह.नं.-06
तह.-बरपाली, जिला-कोरबा (छग)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री शिवांश खत्री पिता श्री राजकुमार खत्री जाति राजपूत (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम बरपाली तहसील बरपाली जिला- कोरबा (छ0ग0) द्वारा ग्राम बरपाली, प0ह0नं0- 06 तहसील - बरपाली जिला कोरबा स्थित ख0नं0- 566/7 रकबा 0.0.24 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रायोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने बाबत् नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त वर्णित भूमि ख.नं. 566/7 रकबा 0.024 हे. भूमि का हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 149बी के सीमा से 75 मीटर दूरी छोड़कर रकबा 0.008 हे. भूमि शेष बचता है। आवेदक/आवेदिका द्वारा शेष बचत रकबा 0.008 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रायोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने हेतु अभिमत प्रदान किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 04/01/ 2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ. (रा.)
कोरबा, जिला-कोरबा, (छ.ग.)

# अमृत सरोवर से ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत होगी पूरी

**जांजगीर।** बारिश का पानी सहेजने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की है। योजना के तहत 60 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में तालाब बनाए जाने के बाद इनमें बारिश का पानी भरेगा, जिससे ग्राउंड वाटर लेवल रिचार्ज होगा और इसका गर्मी के दिनों में लोगों को फायदा मिलेगा। योजना के तहत जिले में 150 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए हैं।



वहीं आने वाले दिनों में खेतों में रबी की फसलों की सिंचाई के लिए इन अमृत सरोवरों का उपयोग किया जाएगा। दरअसल आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा मिशन अमृत सरोवर की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए जल संरक्षण करना है। इस मिशन का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में लगभग 75 अमृत सरोवर (तालाब) विकसित करना या पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार करना है। मिशन अमृत सरोवर की शुरुआत 24 अप्रैल 2022 में हुई थी। इस योजना में सरोवर का एरिया कम से कम एक एकड़ निर्धारित किया गया था, ताकि पानी भरने की क्षमता कम से कम 10 हजार घनमीटर थी। जिले में 54 ऐसे सरोवर बनाए गए हैं, जिसके जल भराव की क्षमता 10 हजार घन मीटर से अधिक है। प्रत्येक अमृत सरोवर में नीम, पीपल, बरगद आदि पौधे लगाए गए हैं। इससे जल संरक्षण के साथ ही पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है। इसका एक उद्देश्य पानी का उपयोग करके उसे आजीविका के रूप में विकसित करना भी था।

पामगढ़ में सबसे अधिक 16 अमृत सरोवर बनाए योजना के तहत पामगढ़ ब्लॉक में सबसे अधिक अमृत सरोवर बनाए गए हैं। यहां 16 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। अकलतरा ब्लॉक में 13, बम्हनीडीह में 9, बलौदा में 12, नवागढ़ में 10 अमृत सरोवर बनाए गए हैं।

## बकाया बिल वसूलने चलाया अभियान, कनेक्शन भी काटे

**सक्ती।** बिजली विभाग के अभियान के तहत सक्ती उपसंभाग में बकाया राशि भुगतान न करने के कारण 218 उपभोक्ता की लाइन काटी गई। इनका 58.62 लाख रुपए बकाया था।141 उपभोक्ताओं ने ऑन द स्पॉट 30.64 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी 31 लाख रुपए का बकाया बिल को वसूलने को विशेष अभियान चला रही है। बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने वालों को चेतावनी देकर बिल पटाने कहा को जा रहा है। जांजगीर वृत्त के अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी के निर्देशन व कार्यपालन यंत्री सक्ती संभाग यूके शुक्ला के मार्गदर्शन में जांजगीर वृत्त के अधिकारियों और कर्मचारियों की विभिन्न टीमों ने सक्ती उपसंभाग अंतर्गत सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण, अड़भार और बाराद्वार वितरण केंद्र के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच, बकाया राशि वसूली और लाइन काटने का कार्य जा रहा है। इस दौरान जांजगीर वृत्त के समस्त सहायक यंत्री कनिष्ठ यंत्री और तकनीकी स्टॉफ उपस्थित रहे।

## जैविक खेती का अनुभव किसानों से किया साझा




**सक्ती।** सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल की थीम पर जनादेश पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्ती जिले के कन्नौजिया भवन, पोरथा में जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला सह किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर तोपनो द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश की पाती का वितरण किसानों को किया। सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार ने कहा कि भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में विकसित करने के लिए कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को सजगतापूर्वक कार्य करना आवश्यक है। जनपद पंचायत सक्ती अध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर रही है। किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने प्रदेश सरकार अंतर्गत किसानों के हित के लिए कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यों का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों को किसानों के लिए कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने कहा।

## अनमोल वचन......

किसी भी इंसान से अपने दिल के राज ना बताये आज नहीं तो कल वो उसका फ़ायदा ज़रूर उठाएगा ।

# भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना

*फिर भी भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ माना जाएगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है। वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या 25 करोड़ 90 लाख तक पहुंच गई। इसके पहले वाले वित्त वर्ष में ये 23 करोड़ 30 लाख थी। इस तरह 2017-18 से भारतीय अर्थव्यवस्था की पीछे की ओर शुरू हुई दौड़ ना सिर्फ जारी है, बल्कि उसकी रफ्तार और तेज हो गई है। इसे इसलिए पीछे की ओर दौड़ कहा गया है, क्योंकि हर विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा यह रही है कि लोग रोजगार के लिए कृषि से उद्योग या सेवा क्षेत्र की ओर जाते हैं। विकसित होने का एक पैमाना यह दिशा भी है। आंकड़ों के मुताबिक 2004-05 से 2016-17 तक भारत भी इसी दिशा में बढ़ रहा था। उस दौरान कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या में छह करोड़ 60 लाख की गिरावट आई थी। उसके बाद दिशा बदल गई। यहां पर इस ओर ध्यान खींचना उचित होगा कि 2016 वह साल था, जब नोटबंदी लागू की गई। साल भर बाद उसके प्रभाव जाहिर होने लगे। उस वर्ष (2017-18) भारत में कृषि निर्भर मजदूरों की संख्या 19 करोड़ दस लाख थी। तब से ये तदाद लगतार बढ़ी है। अब तक इसमें कुल छह करोड़ 80 लाख की वृद्धि हो चुकी है। इस तरह यह साफ है कि 2004-05 से 2016-17 के बीच जो प्रगति हुई, वह पलट कर अब नकारात्मक हो चुकी है। यह भी रेखांकित करने का पहलू है कि इस दरम्यान जिन राज्यों में यह बढ़ोतरी सबसे ज्यादा हुई, वे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान हैं, जिन्हें कभी अपमान भाव के साथ बीमारू कहा जाता था। दूसरा ध्यान खींचने वाला पहलू यह है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर श्रमिकों के बीच महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। भारतीय वर्क फोर्स में महिलाओं की स्थिति पहले भी बेहतर नहीं थी। मगर गुजरे सात वर्षों में यह बदतर होती गई है। इसके बावजूद भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो तथ्यों की रोशनी में उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ होगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा।आज लेखकों की किताब पब्लिश होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, आज आपको अपने खर्चों पर रोक लगाने की अवश्यकता।नवविवाहित दंपत्ति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा। आज आप खुद को फिट महसूस करेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन शानदार रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारी अपने कारोबार को आगे बढाने का विचार कर सकते हैं। शिक्षको का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा।जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरुरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी।स्वास्थय सम्बंधित समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।काफी दिनों से किसी मनचाही चीज को लेने का सपना आज पूरा होगा। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा।विद्यार्थियों को आज अपने पुराने चैप्टर का अध्यन करते रहने की जरुरत है।ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण टारगेट को आज पूरा कर लेंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है।काफी समय से एक ही जगह कार्यरत लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। आज आपके पिता अपना जरुरी कार्य आपको करने को दे सकते हैं।

**सिंह राशि-** आज का दिन रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है।आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। आज अपने करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी।आज कार्यक्षेत्र में बाहरी की सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे। आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में बढ़ोत्तरी होगी। आज घर के बड़ों को समय से दवाइयां देने की जरुरत है। लवमेट के रिश्ते में हो रही गलत फेहमियाँ आज समाप्त होंगी, आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।बच्चे आज किसी जरुरी बात को अपनी माँ से शेयर करेंगे।आज कंप्यूटर सीखने की इजाजत अपने परिवारजनों से ले सकते हैं।

**तुला राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है।कॉस्मेटिक कारोबारी आज ऑनलाइन अपने प्रोडक्ट की अच्छी सेल कर पाएंगे। ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको नया टारगेट दे सकते हैं।जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है।विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन अच्छा रहने वाला है।अपने ईगो को छोंड़कर बड़ों की बात को सुने।महिलाएं आज जीवनसाथी के मनपसंद का डिश बनाएंगी। घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है।वाहन लेने का विचार-विमर्श परिवार वालों के साथ कर सकते हैं।दामपत्य रिश्ते में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**धनु राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा।आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपका मूड ख़राब हो सकता है, लेकिन थोड़ी देर बाद ठीक भी हो जायेगा। आज आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी।स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार करेंगे।

**मकर राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। डिप्लोमा छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है।आज अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा।कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी।किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है।आज आपके दामपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पिछले दिनों सेहत से परेशान लोग आज खुद को फिट महसूस करेंगे, स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।आज क्रेडिट कार्ड से फिजूल खर्चे से बचेंगे तो आप परेशानियों से बच जायेंगे।आज वकील किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे, जिससे उन्हें अच्छा लाभ होगा।

# अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे

//शकील अख्तर//

**कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है।**

वन नेशन वन इलेक्शन' का हेडलाईन मेनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . ..! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है।

अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है।

बुधवार को विपक्ष के सासंदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है।

अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी।

पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं। कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है। खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो! कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान। दलितों की तरह आदिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा। अंबेडकर कितनी बड़ी चीज हैं वह इससे समझिए कि कांग्रेस और भाजपा दोनों समान भाव से उनका नाम लेते हैं। अभी चार दिन संविधान पर चर्चा में उनका ही नाम गुंजता रहा। मायावती, रामविलास पासवान ने उनका नाम लेकर ही अपनी पार्टियां चलाईं। दलितों में उनका नाम ही वोट ही गारंटी है। जब ये दोनों नेता इनकी पार्टी नहीं थीं तो कांग्रेस ही उनकी विरासत संभालती थी। और लंबे समय तक दलित वोटों की एक मात्र प्राप्तकर्ता थी।

मगर बाद में कांशीराम और मायावती ने इसे कांग्रेस से छीना और उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। और फिर भाजपा की धर्म की राजनीति ने दलित वोट को मायवती से भी छीन लिया। लेकिन सरकारी नौकरियां नहीं निकलने और इससे उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलने, तेजी से किए जा रहे नीजिकरण जहां दलितों के लिए नौकरी नहीं थी और डायरेक्ट भर्ती लेटरल एंट्री जिसमें आरक्षण नहीं था के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यह समुदाय बीजेपी से भी छिटका और कांग्रेस एवं इन्डिया गठबंधन के साथ आया।

यूपी में भाजपा को इसने बहुत बड़ा झटका दिया। लोकसभा में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और भाजपा 33 पर रह गई। कांग्रेस को 6 मिलीं। और बसपा जीरो। जबकि पिछले चुनाव 2019 में भाजपा को 61 सीटें मिली थीं।

मायावती से मोहभंग के बाद बीजेपी धर्म के नाम पर दलितों को अपने साथ लाई। और भावनात्मक रूप से उनसे संबंध बनाने के लिए वह डा. अम्बेडकर का नाम भी लेने लगी। दलितों का अंबेडकर से बहुत गहरा लगाव है। उनका जीवन अंबेडकर ने बदला। वे उनके लिए मसीहा हैं। अमित शाह का यह कहना कि क्या अंबेडकर अंबेडकर करते हो भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा।

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। अभी ईवीएम के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला और टीएमसी कांग्रेस पर हमलावर हो रहे थे। लग रहा था कि बीजेपी की कोशिशें सफल हो रही हैं। इंडिया गठबंधन में फूट पड़ रही है। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं।

बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है। हर दस साल बाद होने वाली जनगणना जो इस बार अभी तक नहीं हुई में इसकी गिनती होती है। आंकड़े आते हैं। लास्ट 2011 में हुई थी। उसके अनुसार देश में 29 प्रतिशत दलित और आदिवासी हैं। ये अंबेडकर के कट्टर समर्थक हैं।

आरक्षण जिसे अंबेडकर की ही देन कहा जाता है के सबसे बड़े लाभार्थी यही हैं। भाजपा और आरएसएस कभी अंबेडकर के साथ एडजस्ट नहीं कर पाए। उनके बनाए संविधान का भी बहुत विरोध किया। अभी राज्यसभा में ही खरगे ने बताया कि जब संविधान बना तो संघ वालों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में अंबेडकर का पुतला जलाया था। उन्होंने सदन में बंच आफ थाट्स किताब' दिखा कर कहा कि दूसरे सर संघ चालक गुरु गोलवलकर ने इसमें वर्णाश्रम व्यवस्था का समर्थन किया है। और आरक्षण का विरोध। राहुल ने लोकसभा में एक हाथ में संविधान और दूसरे में मनुस्मृति लेकर साफ कहा कि हम संविधान वाले हैं और बीजेपी मनुस्मृति वाली।

यह सब बातें अपना असर कर ही रहीं थीं कि अमित शाह का यह बयान आ गया। सीधा अंबेडकर के खिलाफ। भाजपा के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गई। कांग्रेस ने बुधवार को ही देशव्यापी प्रदर्शन किए। दलित राजनीतिक रूप से देश में सबसे जागरूक समुदाय है। उसमें एक बार यह बात पहुंच जाएगी कि भाजपा बाबा साहब का अपमान कर रही है तो फिर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को कुछ करने की जरूरत नहीं है। वह भाजपा से अपना हिसाब खुद कर लेगी।

# एक देश, एक चुनाव का आइडिया भी ठीक नहीं

//अजीत द्विवेदी//

**देश में हर साल चुनाव हो या हर छह महीने पर चुनाव हो यह सचमुच अच्छी बात नहीं है। लेकिन इसे रोकने के लिए एक देश, एक चुनाव' का आइडिया भी ठीक नहीं है। इसका मतलब है कि हर छह महीने पर चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया चलती रहे यह भी ठीक नहीं है और सारे चुनाव एक साथ कराए जाएं, यह विचार भी अच्छा नहीं है। इसलिए बीच का रास्ता निकालना सबसे अच्छी बात होगी। बीच का रास्ता क्या हो सकता है, उस पर विचार से पहले यह स्पष्ट करना जरूरी है कि भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक बार में सारे चुनाव कराने का विचार लोकतंत्र की बुनियादी भावना और संघवाद की धारणा को कुछ न कुछ जरूर प्रभावित करेगा।**

भले यह लोकतंत्र या संघवाद के पूरी तरह खिलाफ नहीं हो लेकिन इन दोनों सिद्धांतों पर इसका निश्चित असर होगा।

अगर सारे चुनाव एक साथ होते हैं तो संचार तकनीक के मौजूदा दौर में प्रदेशों के और विधानसभा स्तर के स्थानीय मुद्दे गौण हो जाएंगे। उसकी बजाय राष्ट्रीय मुद्दे अहम हो जाएंगे।अभी ही नरेंद्र मोदी से लेकर अरविंद केजरीवाल तक अनेक नेता ऐसे हैं, जो कहते हैं कि हर सीट पर वे ही चुनाव लड़ रहे हैं। यानी मतदाताओं को उम्मीदवार नहीं देखना चाहिए और नेता का चेहरा देख कर वोट करना चाहिए। एक देश, एक चुनाव' की स्थिति में यह विचार प्रमुखता पा जाएगा। उससे स्थानीय मुद्दों के साथ साथ स्थानीय नेताओं का महत्व भी कम होगा और छोटे छोटे काम कराने में भी आम लोगों को परेशानी होगी।इसके अलावा कई और व्यावहारिक समस्याएं आएंगी। जैसे समय से पहले लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा भंग होने पर वहां बची हुई अवधि के लिए चुनाव कराना होगा। इससे बार बार चुनाव की संभावना तो बनी ही रहेगी और साथ ही चुनाव खर्च में कटौती का तर्क भी ध्वस्त हो जाएगा।एक साथ चुनाव कराने से पहले लोकसभा के कार्यकाल के साथ राज्यों की विधानसभाओं की एकरूपता बनाना भी एक बड़ी तकनीकी कवायद होगी।तभी एक देश, एक चुनाव' के भारी भरकम कवायद में पडने़ की बजाय मौजूदा प्रक्रिया में सुधार करके इसे बेहतर बनाया जा सकता है।हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से एक देश, एक चुनाव' की बात कर रहे हैं लेकिन हर साल या हर छह महीने पर होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को बदलने के लिए उन्होंने कोई ठोस पहल नहीं की।अगर सरकार और चुनाव आयोग चाहते तो अब तक देश में चुनाव की प्रक्रिया पटरी आ चुकी होती। हर छह महीने में चुनाव कराने की जरुरत ही नहीं रह जाती।इसके लिए बहुत छोटे छोटे बदलाव करने थे। दूसरी अहम बात यह है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बजाय दो चरण में चुनाव कराने का विचार ज्यादा व्यावहारिक है।लोकसभा के साथ आधे राज्यों के चुनाव कराए जा सकते हैं और बाकी आधे राज्यों के चुनाव दो या ढाई साल के अंतराल पर कराए जा सकते हैं। पांच साल में दो बार चुनाव का विचार इसलिए व्यावहारिक है कि दो बार चुनाव कराने में ज्यादा बोझ नहीं पड़ेगा और दूसरे अगर पहले चरण के किसी चुनाव वाले राज्य में या केंद्र में सरकार गिरती है और विधानसभा या लोकसभा भंग होती है तो अगले चुनावी चक्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा।अमेरिका में दो बार में चुनाव होते हैं। राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के ठीक बीच में यानी उसके चुनाव के दो साल बाद मध्यावधि चुनाव होते हैं और उस समय संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के 435 सदस्य और सीनेट के 33 या 34 सदस्यों का चुनाव होता है।

साथ ही देश के 50 राज्यों में से 34 राज्यों के गवर्नर का चुनाव मध्यावधि चुनाव के समय होता है। भारत में भी इस तरह की व्यवस्था बनाई जा सकती है। लोकसभा के चुनाव के साथ कुछ राज्यों के चुनाव हो जाएं और उसके ठीक ढाई साल बाद मध्यावधि चुनाव हों, जिनमें बाकी राज्यों के चुनाव कराए जाएं। अगर सरकार इस विचार के प्रति सचमुच गंभीर होती तो पहले ही यह प्रयास शुरू हो गया होता और अब तक सब कुछ पटरी पर आ गया होता।मिसाल के तौर पर इस साल लोकसभा के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के चुनाव हुए।इससे एक साल आगे पीछे में 14 राज्यों के चुनाव हुए हैं या होंगे। पिछले साल यानी 2023 में नौ राज्यों के चुनाव हुए थे। फरवरी 2023 में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड से इसकी शुरुआत हुई थी।मई में कर्नाटक का चुनाव हुआ था और नवंबर में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हुए।लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव हुए और अगले साल फरवरी में दिल्ली का चुनाव होगा। सो, लोकसभा के साथ चार और उसके एक साल आगे पीछे 14 राज्यों के चुनाव हुए हैं। इनके कार्यकाल में थोड़ा बहुत बदलाव करके लोकसभा और 18 राज्यों के चुनाव एक साथ हो सकते हैं।अगर पिछले साल फरवरी में हुए पूर्वोत्तर के तीन राज्यों को छोड़ दें और फरवरी 2025 के दिल्ली चुनाव को छोड़ दें तो 10 राज्यों के कार्यकाल में ज्यादा से ज्यादा छह महीने की कमी या बढ़ोतरी करनी होगी।यह काम बहुत आसानी से किया जा सकता था। एक बार लोकसभा के साथ 15 या 18 राज्यों के चुनाव होने लगते तो दूसरे चरण में बाकी राज्यों के चुनाव कराए जा सकते थे। दूसरा चरण 2026 के मध्य में हो सकता था।मई 2026 में पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी में चुनाव होने हैं। उससे पहले नवंबर 2025 में बिहार का चुनाव है और मार्च 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा का चुनाव होना है। सभी पार्टियों की सहमति से मध्यावधि चुनाव के तौर पर इन सारे राज्यों के चुनाव दूसरे चरण में कराए जा सकते हैं। इसके बाद बचे हुए राज्य गुजरात और हिमाचल प्रदेश हैं, जहां नवंबर 2027 में चुनाव होंगे।इनका चुनाव अगर 2026 में कराया जाता है तो विधानसभा का कार्यकाल डेढ़ साल घटाना पड़ेगा।एक बार के बाद सारी चीजें व्यवस्थित हो जातीं। अगर अच्छी मंशा से सरकार और चुनाव आयोग इस तरह की पहल करते हैं तो इस पर सभी पार्टियों में सहमति बनाने में ज्यादा समस्या नहीं आएगी।

दुर्भाग्य से अभी तक अच्छी मंशा के साथ चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने या हर छह महीने में होने वाले चुनाव को एक साथ लाने की कोई पहल नहीं हुई है।उलटे अभी दिखा कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के बाद चार राज्यों के चुनाव दो बार में कराए। पहले जम्मू कश्मीर और हरियाणा का चुनाव हुआ और उसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव हुआ।चुनाव आयोग ने 2022 में हिमाचल प्रदेश और गुजरात का चुनाव भी अलग अलग कराया।लोकसभा के साथ 14 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव आयोग ने दो बार में चुनाव कराए।एक तरफ तो चुनाव आयोग ने चुनावों को खुद ही इतना बिखरा रखा है और ऊपर से एक देश, एक चुनाव' का जुमला बोला जाता है।वैसे भी एक देश, एक चुनाव' के पक्ष में जो दो मुख्य तर्क दिए जाते हैं कि इसमें बहुत खर्च होता है और आचार संहिता की वजह से कामकाज प्रभावित होता है उनका कोई ठोस आधार नहीं है।चुनाव अलग अलग हों या एक साथ उससे चुनाव खर्च पर ज्यादा अंतर नहीं पड़ता है और जहां तक आचार संहिता का सवाल है तो अगर मौजूदा प्रक्रिया से ही चुनाव होता है तब भी देश में एक बार और राज्यों में ज्यादा से ज्यादा दो बार आचार संहिता लगेगी।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से कुवैत के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे और इस प्रकार वह 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन जाएंगे।



कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के सिरसा के तेजा खेड़ा गांव स्थित उनके फार्महाउस पर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण अधिवेशन के दौरान समूह फोटो के लिए पोज देते हुए।



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक की अध्यक्षता की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता मनीष सिसोदिया और अवध ओझा नई दिल्ली में पार्टी के डॉक्टर अंबेडकर सम्मान छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम के दौरान।

# महाराष्ट्र में विभागों का बंटवारा, सीएम फडणवीस के पास रहेगा गृह मंत्रालय



मुंबई, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को अपने मंत्रिपरिषद के विभागों का आवंटन कर दिया। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गृह विभाग नहीं मिला है। फडणवीस ने इसे अपने पास ही रखा है। शिंदे को शहरी विकास, आवास तथा लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक उद्यम) आवंटित किया गया है। सरकार गठन के पहले ही अंदरखाने राज्य के गृह विभाग पर राकांपा प्रमुख शिंदे की नजर थी। एक अन्य उप मुख्यमंत्री अजीत पवार को वित्त एवं योजना, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग मिला है। राज्य विधानमंडल का सप्ताहभर चलने वाला शीतकालीन सत्र शनिवार को समाप्त होने के बाद विभागों का आवंटन किया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि फडणवीस गृह विभाग के साथ ही ऊर्जा, कानून एवं न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन विभाग और सूचना एवं प्रचार विभाग भी संभालेंगे। सत्र शुरू होने से पहले 15 दिसंबर को 39 मंत्रियों ने शपथ ली थी, जबकि फडणवीस और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने पांच दिसंबर को पद की शपथ ली थी। 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा, राकांपा और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने 288 में से 230 सीटें जीतकर जीत दर्ज की थी। भाजपा के चंद्रशेखर बावनकुले (राजस्व), राधाकृष्ण विखे पाटिल (जल संसाधन-कृष्णा और गोदावरी घाटी विकास निगम), चंद्रकांत पाटिल (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, संसदीय मामले), गिरीश महाजन (जल संसाधन-विदर्भ, तापी, कोंकण विकास निगम और आपदा प्रबंधन) विभाग मिला है।जबकि, गणेश नाइक को वन, मंगल प्रभात लोढ़ा को कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार, जयकुमार रावल को विपणन और प्रोटोकाल, पंकजा मुंडे को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, अतुल सेव को ओबीसी कल्याण, डेरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग मिला है।अशोक उइके को आदिवासी विकास, आशीष शेलार को सांस्कृतिक मामले और सूचना प्रौद्योगिकी, शिवेंद्र सिंह भोसले को लोक निर्माण विभाग दिया गया है। जयकुमार गोरे को ग्रामीण विकास और पंचायती राज, संजय सावकारे को कपड़ा, नितेश राणे को मत्स्य और बंदरगाह, आकाश फुंडकर को श्रम विभाग दिया गया है।गुलाबराव पाटिल जल आपूर्ति और स्वच्छता, दादाजी भूसे को स्कूली शिक्षा, संजय राठौड़ को मृदा और जल संरक्षण, उदय सामंत को उद्योग और मराठी भाषा, शंभुराज देसाई को पर्यटन, खनन, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, संजय शिरसाट को सामाजिक न्याय, प्रताप सरनाईक को परिवहन, भारत गोगावले को रोजगार गारंटी, बागवानी, प्रकाश अबितकर को लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग दिए गए हैं। हसन मुश्रीफ चिकित्सा शिक्षा, धनंजय मुंडे खाद्य और नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण, दत्तात्रेय भरणे खेल, युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास, अदिति तटकरे महिला और बाल विकास, माणिकराव कोकाटे को कृषि विभाग दिया गया है। नरहरि जिरवाल को खाद्य एवं औषधि प्रशासन, विशेष सहायता दी गई है। मकरंद पाटिल को राहत एवं पुनर्वास, जबकि बाबासाहेब पाटिल को सहकारिता विभाग दिया गया है।राज्य मंत्रियों में शिवसेना के आशीष जायसवाल को वित्त एवं योजना, कृषि, राहत एवं पुनर्वास, विधि, न्यायपालिका तथा श्रम विभाग दिया गया है। भाजपा की माधुरी मिसाल को शहरी विकास, परिवहन, सामाजिक न्याय, चिकित्सा शिक्षा, अल्पसंख्यक विकास विभाग दिया गया है।भाजपा के ही पंकज भोयर को गृह (ग्रामीण), आवास, स्कूली शिक्षा, सहकारिता एवं खनन विभाग दिया गया है। भाजपा की मेघना बोर्डिकर को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण (सार्वजनिक उद्यम) विभाग दिया गया है।

## जर्मनी क्रिसमस बाजार हमले में सात भारतीय नागरिक घायल, पीड़ितों की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा भारत



**जर्मनी।** जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में शुक्रवार को एक कार हमले में सात भारतीय नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि इनमें से तीन को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि भारतीय मिशन बाकी पीड़ितों की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में कार हमले की निंदा की है, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए, जबकि घायलों की संख्या 200 से अधिक बताई गई है। इस हमले ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया, जिसमें एक कार ने जानबूझकर क्रिसमस बाजार में लोगों की भीड़ को टक्कर मार दी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सैक्सोनी-एनहाल्ट के गवर्नर रेनर हसेलॉफ के अनुसार, घटना में कम से कम पांच लोग मारे गए, जिनमें एक वयस्क और एक बच्चा भी शामिल था।

विदेश मंत्रालय ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में एक क्रिसमस बाजार में हुए भयानक और संवेदनहीन हमले की निंदा करते हैं। कई कीमती जिंदगियां खो गई हैं, और कई घायल हो गए हैं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं।बयान में पुष्टि की गई कि जर्मनी में भारतीय मिशन घायल भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। बयान में कहा गया है कि हमारा मिशन घायल भारतीयों और उनके परिवारों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। रेनर हसेलॉफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हमले का संदिग्ध एक सऊदी नागरिक था जो 2006 से जर्मनी में रह रहा था और एक डॉक्टर के रूप में काम करता था। हम वर्तमान में सभी अतिरिक्त डेटा संकलित करने और पूछताछ करने की प्रक्रिया में हैं। वर्तमान जानकारी के अनुसार, यह एक व्यक्तिगत अपराधी है, इसलिए शहर के लिए अब कोई खतरा नहीं है।

## बंगाल के सिलीगुड़ी कॉरिडोर में तबाही मचाने की थी योजना आतंकी संगठन एबीटी ने शुरू की भारत विरोधी गतिविधियां



सिलीगुड़ी, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

दो दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पूर्वोत्तर दौरे से पहले असम की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बांग्लादेशी आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के जिन आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है उनकी योजना सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर में तबाही मचाने की थी।बंगाल में सिलीगुड़ी कॉरिडोर को चिकन नेक भी कहते हैं। यदि यहां कोई घटना होती है तो इसका सीधा असर पूर्वोत्तर राज्यों पर पड़ता है। इन सभी से पूछताछ में जिन तथ्यों का पता चला है, उससे बंगाल में भी पुलिस अधिकारियों की नींद उड़ी हुई है। राज्य पुलिस के एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने इस बात को माना है। कोलकाता में उन्होंने कहा कि असम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आठ एबीटी सदस्यों से पूछताछ में कई जानकारियां मिली है। उनका मकसद स्लीपर सेल के माध्यम से गुप्त रूप से हथियार इकट्ठा कर भारत विरोधी काम करना था। वे स्थानीय युवाओं को हथियार उठाने के लिए भड़काने की भी कोशिश कर रहे थे।

एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर असम, केरल और बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में छापेमारी कर इन आरोपितों को पकड़ा। इन सभी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभी रिमांड पर इनसे पूछताछ की जा रही है। बंगाल में मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा के मिनारुल शेख और मोहम्मद अब्बास अली की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी एसटीएफ को पहले से ही थी। असम पुलिस ने बंगाल पुलिस की मदद से उन्हें पकड़ा।

## चरित्र पर शक के चलते महिला के साथ मारपीट, ससुर ने प्राइवेट पार्ट में डाल दी मिर्ची, सास ने गर्म पलटे से दागा

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में एक गांव की रहने वाली आशा कार्यकर्ता के साथ चरित्र संदेह पर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा बर्बतापूर्वक मारपीट की। उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्ची डाली व गर्म पलटे से जलाया गया। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर गांव से दूर फेंकने के आरोप लगाए।इसके बाद महिला ने गुना जिले के धरनावदा थाने में जीरा पर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुना जिले के धरनावादा थाना क्षेत्र की रहने वाली 32 वर्षीय महिला का विवाह 2012 में राजगढ़ जिले के करनवास थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। जहां चरित्र शंका पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि 13 दिसंबर को उसके घर पर रात 10-11 बजे गांव का एक लड़का उसके घर घुस आया था और उसने बुरी नियत से उसके साथ हाथ पकड़कर जबरदस्ती की।

## पालतू कबूतर ने छत पर कर दी बीट तो आगबबूला हुआ पड़ोसी, पालक की कर दी हत्या, मां-बेटे को भी किया घायल

विदिशा, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

घर पर कबूतर बैठने के विवाद को लेकर एक अधेड़ की कैंची मारकर हत्या कर दी गई जबकि उसकी पत्नी और बेटे घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार शाम की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है, वह पूर्व में भी जिलाबदर रह चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीड़ित परिवार द्वारा पाले गए सफेद कबूतर पड़ोसी संजय अहिरवार की छत पर गंदगी फैला रहे थे। इसके कारण शनिवार शाम दोनों परिवारों में विवाद हुआ और दूसरे पक्ष ने कबूतर वाले पक्ष पर हमला कर दिया। दोनों परिवारों में विवाद के दौरान संजय कैंची लेकर आया और पीड़ित परिवार के 25 वर्षीय दिव्यांग युवक भागचंद पर हमला कर



दिया। बेटे पर हमला होता देख पिता पन्नालाल उसे बचाने आए। आरोपित ने पन्नालाल अहिरवार पर कैंची से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिए, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पन्नालाल की पत्नी जमुना बाई बीच बचाव करने आई तो आरोपित के परिजन और उसने उसको भी पीटा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पन्नालाल की पत्नी जमुना बाई ने बताया कि उसका पति जय स्तंभ चौक पर मूंगफली का ठेला लगाता है। शाम के समय दिव्यांग बेटा भागचंद जो की पैरों से दिव्यांग है, वह कबूतरों को दाना डाल रहा था। कबूतर दाना खाकर उड़कर सामने रहने वाले पड़ोसी संजू की छत पर बैठ गए। इसके बाद अचानक संजू और उसका परिवार मकान की छत से गाली गलौज करने लगा। भागचंद छत से नीचे आया तो उस पर आरोपित संजू ने कैंची से हमला कर दिया। जो उसके पेट में लगी, बीच बचाव करने पिता पन्नालाल दौड़े तो उन पर भी संजू ने कैंची से पेट और पीठ पर हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मकान के कोने में बैठ गए।

आरोपित के परिजन भी मारपीट करने लगे। पड़ोसियों के बीच बचाव के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 62 वर्षीय पन्नालाल को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि आरोपित पूर्व में जिला बदर रह चुका है।

## सिगरेट, लग्जरी घड़ियां, पॉपकॉर्न से ऑनलाइन खाना तक, जीएसटी की नई दरों से क्या सस्ता और क्या महंगा हुआ

जोधपुर, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की 55 वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी बजट और जीएसटी को लेकर आए कई प्रस्ताव और प्रावधानों पर चर्चा हुई। काउंसिल की बैठक में टर्म इंश्योरेंस, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स कम करने का प्रस्ताव राज्यों के विरोध के चलते टल गया है। काउंसिल ने मंत्रियों से इस पर और अध्ययन करने को कहा है। निर्णय अब अगली बैठक में होगा।

वहीं राज्यों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने पर सहमति नहीं जताई है। बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश से बाहर माल भेजने वाले सप्लायर्स पर लगने वाले कंपनसेशन सेस को कम किए जाने पर सहमति बनी है। इससे



निर्यातकों का वर्किंग कैपिटल बढ़ेगा।फॉर्टिफाइड चावल के कर्नेल्स पर जीएसटी दर को घटाकर पांच फीसदी कर दिया गया है। नमकीन पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगी। अगर वह शुगर कोटेड (कैरेमलाइज ) है तो उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगी। किसान के काली मिर्च और किशमिश की आपूर्ति पर कोई जीएसटी नहीं लगेगी। वहीं 50 फीसदी फ्लाई ऐश वाले एसीसी ब्लॉक्स पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगी। अगर कोई व्यक्ति सेकेंड हैंड कार बेचता है तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। मगर कोई कंपनी के माध्यम से कार बेचने पर 18 फीसदी जीएसटी देनी होगी। यह जीएसटी यूज्ड इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पर भी लागू होगा। सतह से हवा में मार मरने वाली मिसाइलों पर आईजीएसटी छूट को बढ़ाया जाएगा। मंत्री समूह ने कई अन्य प्रस्ताव दिए हैं।

इन प्रस्ताव में सिगरेट और तंबाकू में जीएसटी की दर 35 फीसदी करना शामिल है। 1500 रुपये तक की कीमत के कपड़ों पर 5 फीसदी जीएसटी, 10 हजार रुपये तक के कपड़ों पर 18 और इससे मंहगे कपड़ों पर 28 फीसदी जीएसटी का प्रस्ताव है। बैठक में 15 हजार रुपये से महंगे जूते और 25 हजार रुपये से महंगाई कलाई घड़ियों पर 28 फीसदी जीएसटी की सिफारिश की गई है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खाना मंगवाने पर डिलीवरी शुल्क पर जीएसटी को कम करने वाले प्रस्ताव को टाल दिया गया है।पैक और लेबल वाले रेडी-टू-ईट स्नैक्स पर 12त्न जीएसटी लगेगा। वहीं कैरामेलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18त्न जीएसटी लगेगा।नमक और मसालों रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी टैक्स लगेगा। मगर शर्त यह है कि वह पहले से पैक और लेबल नहीं हो।

## मंदिरों में तोड़फोड़, पुजारी की बेरहमी से हत्या बांग्लादेश में कब थमेगा हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार



ढाका, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिनाजपुर जिले के कासिमपुरा इलाके में एक और पुजारी की हत्या कर दी गई है। यह घटना एक दिन पहले की है। इसके अलावा मैमन सिंह और दिनाजपुर में तीन मंदिरों पर हमला कर आठ मूर्तियों को तोड़ दिया गया।पुलिस ने मंदिर में तोड़फोड़ के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। कासिमपुरा श्मशान घाट स्थित मंदिर में डाका डालकर अपराधियों ने वहां सेवा करने वाले तरुण चंद्र दास की हत्या कर दी। पुलिस का मानना है कि घटना गत शुक्रवार रात की है। मृतक पुजारी तरुण चंद्र दास नाटोरे शहर के अलीपुर धोपापारा मुहल्ला निवासी कालीपद दास के पुत्र थे।

महाश्मशान समिति के महासचिव सत्य नारायण राय ने बताया कि शनिवार सुबह महाश्मशान मंदिर के सदस्य अंतिम संस्कार गृह गए तो देखा कि सेवादार के शव का हाथ-पैर बंधा हुआ था। वह करीब 23 वर्षों से मंदिर सेवाओं के प्रभारी थे। सत्य नारायण राय ने बताया कि मंदिर के दानपात्र और भण्डार कक्ष के ताले टूटे हुए थे और ग्रिल कटी हुई थी।आशंका है कि लुटेरों ने पुजारी की हत्या कर दी और मंदिर के पैसे व पीतल के बर्तन लूट ले गए। इस्कॉन कोलकाता ने श्मशान घाट मंदिर में बांग्लादेशी चरमपंथियों द्वारा हिंदू पुजारी की हत्या की निंदा की और अंतरिम सरकार पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि श्मशान में स्थित मंदिर पर हमले के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। कीमती सामान लूट लिया गया और मंदिर के पुजारी तरुण चंद्र दास की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस बीच, मैमन सिंह और दिनाजपुर में तीन हिंदू मंदिरों में आठ मूर्तियां तोड़ी गई हैं। पुलिस ने मंदिर में तोड़फोड़ के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मैमन सिंह के हलुआघाट उप-जिले में उपद्रवियों ने गुरुवार और शुक्रवार की सुबह दो मंदिरों की दो मूर्तियों को तोड़ दिया।

## ताजमहल में टूट-फूट, पत्थर गिरकर हुआ चकनाचूर, नजर आने लगीं दीवार की लाखौरी ईंटें



आगरा, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।

विश्व धरोहर स्थल ताजमहल के दक्षिणी गेट की दीवार के पत्थर शनिवार सुबह गिर गए। पत्थर निकलने की वजह चूने का मसाला खराब होने पर पकड़ कमजोर होना माना जा रहा है। दक्षिणी गेट से स्मारक में पर्यटकों को प्रवेश नहीं दिया जाता है, जिससे उस समय वहां कोई नहीं था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) शीघ्र ही इसका संरक्षण कराएगा।ताजमहल के दक्षिणी गेट पर बाहर की तरफ बाईं दिशा में दीवार पर लगे दो पत्थर शनिवार सुबह निकलकर गिर गए। एक पत्थर चकनाचूर हो गया, जबकि दूसरा साबुत रहा। पत्थर गिरने से दीवार की लाखौरी ईंटें नजर आने लगीं। एएसआई ने बाद में वहां सफाई कराकर पत्थर के टुकड़े हटवा दिए। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि दक्षिणी गेट के निकले हुए पत्थर एक-दो दिन में लगवा दिए जाएंगे। दक्षिणी गेट ताजगंज के चारों कटरों को ताजमहल से सीधा जोड़ता है। कटरा रेशम, कटरा फुलेल, कटरा जोगीदास और कटरा उमर खां, कभी ताजमहल की मूल योजना का ही भाग थे। इनमें ताजमहल बनाने वालों और उसकी देखरेख करने वालों को बसाया गया था। फरवरी, 2018 में ताजमहल के दक्षिणी गेट से पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया था। इस गेट से पर्यटक स्मारक से बाहर आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, बुधवार का दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछैपुरा के बच्चों के लिए ऐतिहासिक रहा। बच्चों ने जीवन में पहली बार मेट्रो के बारे में जाना और ताजमहल का दीदार किया।

विद्यालय हर वर्ष अपने होनहार छात्राओं को वार्षिक शैक्षिक भ्रमण पर लेकर जाता है । इस बार भी 110 छात्र- छात्राओं में से 60 बच्चों को उनकी योग्यता और निरंतर विद्यालय आने पर चुना गया।बच्चों ने सर्वप्रथम ताजमहल देखा और उसका इतिहास जाना। ताजमहल में ही पुरातत्व विभाग का फोटो गैलरी क्षेत्र देखकर भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थापित स्मारकों को पहचाना और उनके बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद सभी बच्चे मेट्रो में सवार होकर मेट्रो की कार्यशैली देखी और सभी कर्मचारियों को कार्य देखकर उनके कार्य से प्रभावित हुए। सभी स्टाफ से मिले और स्टाफ के द्वारा उनका सम्मान किया गया। मेट्रो सुरक्षा कर्मियों ने बच्चों को सुरक्षित घुमाया और लाल किला भ्रमण कराया। लाल किला देख बच्चों को बहुत उत्साह हुआ और विभिन्न शैलियों को जानकर उनके बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद आकाशवाणी में पहुंचकर रेडियो का प्रसारण किस प्रकार होता है जाना और देखा। बच्चों के साथ विद्यालय का स्टाफ और एसएमसी सदस्य सहित राकेश कुशवाहा, मेलिना चौहान, प्रमोद कुमार, विपिन कुमार आदि साथ रहे।

## कर्नाटक में दो सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत, बेंगलुरु में कार के ऊपर पलटा ट्रक, एक परिवार के छह लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शनिवार के दिन दो बड़े सड़क हादसे हुए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण और मांड्या जिलों में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो बच्चों और तीन छात्रों सहित नौ लोगों की मौत हो गई।पहली घटना में, बेंगलुरु के बाहरी इलाके में नेलमंगला शहर के पास टी. बेगुर के करीब तालेकेरे गांव के पास बेंगलुरु-पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग-4 पर छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यहां एक कंटेनर ट्रक एक कार के ऊपर पलट गया, जिसके नीचे कार दब गई। कार में सवार सभी छह पीड़ित एक ही परिवार से थे, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। कार में सवार सभी छह पीड़ित एक ही परिवार से थे, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। मृतकों की पहचान यगप्पा गोल (48), गौरा बाई (42), दीक्षा (12), जान (16), विजयलक्ष्मी (36) और आयरा (6) के रूप में हुई। सभी विजयपुरा जिले के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि जब यह दुखद हादसा हुआ तब परिवार छुट्टी मनाने जा रहे थे। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर 10 किलोमीटर लंबा यातायात जाम भी हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर को हटाने और उसके नीचे फंसे शवों को निकालने के लिए तीन क्रेनों की जरूरत पड़ी। परिवार ने छह महीने पहले ही कार खरीदी थी। अस्पताल में इलाज करा रहे ट्रक चालक आरिफ ने दावा किया कि दुर्घटना तब हुई जब वह अपने आगे एक कार से टकराने से बचने की कोशिश कर रहा था। एक अन्य दुर्घटना में, शनिवार को मांड्या शहर के करीब बोसगोवदानदोड्डी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 209 पर तीन छात्रों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान प्रणव, आकाश और आदर्श के रूप में हुई है, जबकि पृथ्वी की हालत गंभीर है। पीड़ित बेंगलुरु से मैसूरु जिले के पर्यटक स्थल तालाकाडु की यात्रा कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब उनकी कार एक आरटीसी बस को ओवरटेक करने के बाद विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। यह घटना मालवल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर हुई। वहीं, पुलिस जांच में जुट गई है।

## डिफॉल्टर की स्थिति से बाहर निकला श्रीलंका, वित्त मंत्रालय का दावा, दो साल पहले बर्बादी की कगार पर पहुंच गया था देश

कोलंबो, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।



श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने शनिवार को ऐलान किया कि देश अब डिफॉल्ट यानी कर्ज न चुका पाने की स्थिति से बाहर निकल गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने देश के वित्त मंत्रालय के हवाले से बताया कि हांगकांग स्थित फिच रेटिंग्स द्वारा श्रीलंका की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के निर्णय के साथ ही श्रीलंका ने आधिकारिक तौर पर अपना ऋण डिफॉल्ट समाप्त कर दिया है। इससे पहले फिच ने शुक्रवार को श्रीलंका की दीर्घकालिक ऋण डिफॉल्ट रेटिंग को CCC- से बढ़ाकर CCC+ कर दिया, क्योंकि उसने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बांड पुनर्गठन के पूरा होने और व्यापक आर्थिक संकेतकों के लिए बेहतर दृष्टिकोण से स्थानीय मुद्रा ऋण पर एक और डिफॉल्ट का जोखिम कम हो गया है। इसके बाद श्रीलंका के वित्त मंत्रालय में शीर्ष नौकरशाह महिंदा सिरीवर्धना ने एक बयान में कहा, 20 दिसंबर हमारी आर्थिक सुधार प्रक्रिया में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि श्रीलंका आधिकारिक तौर पर डिफॉल्ट से बाहर आ गया। श्रीलंका उस समय आर्थिक संकट में फंस गया था, जब द्वीप राष्ट्र ने अप्रैल 2022 के मध्य में डिफॉल्ट की घोषणा की थी, जो 1948 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से उसकी पहली घोषणा थी।

लगभग गृहयुद्ध जैसी स्थिति और महीनों तक चले सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को भागना पड़ा था। इसके बाद राष्ट्रपति बने रानिल विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत शुरू की। इसके बाद उनकी सरकार ने एक साल बाद मार्च 2023 में बेलआउट हासिल किया। सिरीवर्धना ने कहा कि यह संकट मानव निर्मित था और अगर शुरुआती चेतावनियों पर ध्यान दिया जाता और ढ्ढरूस्न के साथ जल्दी बातचीत की जाती तो इसे टाला जा सकता था।

## सर्दी से बचने के लिए दूध में मिलाकर पिएं ये 4 चीजें, मौसमी बीमारियों से भी होगा बचाव

दूध का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। वैसे तो यह बात हम सभी जानते हैं। वहीं बचपन से ही दूध पीना हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा बन जाता है। तो वहीं दूध पीने के दौरान हम उसमें कई चीजों को भी शामिल करते हैं, जिससे दूध की गुणवत्ता बढ़ जाती है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में आप दूध में कुछ ऐसी चीजों को मिक्स कर सकते हैं, जो शरीर को अंदर से गर्म रखती हैं। साथ ही दिमाग और बाकी सेहत का भी ध्यान रखती हैं।



बता दें कि ऐसी बहुत सारी चीजें आपकी रसोई में मौजूद हैं, जिन्हें सर्दियों में दूध में उबालकर पीने से दूध की गुणवत्ता दोगुनी हो जाती है। यह हमारे पूरे स्वास्थ्य के लिए काफी बेनिफिशियल होती है। ऐसे में आप भी अपने बच्चों की डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**बादाम वाला दूध**

बादाम और दूध से अच्छा कॉम्बिनेशन और क्या हो सकता है। क्योंकि बादाम और दूध दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होता है और यह हमारे पूरे स्वास्थ्य और दिमाग को भी बूस्ट करने का काम करता है। वहीं बादाम बच्चे भी बड़े चाव से खा लेते हैं। वैसे तो सर्दियों में आपको बादाम के दूध का सेवन जरूर करना चाहिए। आप दूध में बादाम का पाउडर डालकर भी पी सकते हैं। या फिर आप दूध में बादाम को ऐसे ही पकाकर पी सकते हैं।

**अदरक वाला दूध**

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए आप दूध में थोड़ा सा अदरक का टुकड़ा डालकर उसे उबालकर पी सकते हैं। यह दूध में अच्छा फ्लेवर एड करने के साथ ही सेहत के लिए भी काफी अच्छा होता है। वहीं रोजाना अदरक वाले दूध का सेवन करने से आपका शरीर गर्म रहता है और मौसमी बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। साथ ही यह पाचन शक्ति को भी दुरुस्त रखने में सहायक होता है।

**खजूर और दूध**

खजूर और दूध एक बेहतरीन हेल्थ टॉनिक है। यह शरीर को गर्म रखने के साथ पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने और याददाश्त को बूस्ट करने में काफी मददगार होता है। अगर आप रोजाना 2-3 खजूर का दूध के साथ सेवन करने से शरीर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और कॉपर जैसे कई पोषक तत्व मिल जाते हैं। इसलिए आपको अपने डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए।

**जायफल और दूध**

सर्दियों में दूध के साथ चुटकी भर जायफल का पाउडर मिलाकर पीने से शरीर को गर्माहट मिलती है। क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है और जायफल ठंड में शरीर को अंदर से गर्म बनाएं रखने में सहायता करता है। इसका सेवन करने से मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता है। जायफल में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। यह इम्यूनिटी बूस्ट करने के साथ स्किन और बालों को भी बहुत फायदा मिलता है।

# क्रिसमस को शानदार बनाने के लिए घूमे गुरुग्राम की इन 3 जगहों पर

क्रिसमस की धूम अब हर जगह देखने को मिल रही है। क्रिसमस डेकॉरेशन के आइटम से लेकर मॉल में क्रिसमस की शानदार सजावट देखने को मिल रही है। चर्च भी सुंदर तरीके से सज चुके है। हर साल दुनियाभर में 25 दिसंबर 2024 को क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। वैसे तो क्रिसमस ईसाइयों का त्योहार है लेकिन इसे भारत में भी काफी उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। अगर आप गुरुग्राम मे रहते हैं या आसपास तो आप यहां पर इन 3 जगहों पर जरुर घूमने जाएं। चलिए आपको इन 3 जगहों के बारे में बताते हैं।



**साइबर हब**

यहां पर आपको जाने के लिए किसी भी तरह की एंट्री फीस नहीं देने होगी। जिन लोगों को पार्टी करने का शौक सबसे ज्यादा है, तो यह जगह उनके लिए भी बढ़िया है। क्रिसमस के दौरान यहां पर सुंदर और अद्भुत सजावट देखने को मिलती है। क्रिसमस के दिन आप भी अपने दोस्त या फैमिली के साथ यहां पर जा सकते हैं।

**एंबियंस मॉल**

क्रिसमस डे पर आप एंबियंस मॉल जा सकते हैं। यहां पर सुंदर सजावट देखने को मिलती है, जो लोगों को काफी आकर्षित करती है। यहां हर साल एक बड़ा क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है। मॉल के हर एक मंजिल पर फेयरी लाइट्स, रेनडियर और सजावट की तरह-तरह की चीजें लगी रहती है। यहां पर आप फन एक्टिविटीज कर सकते है।

**डीएलएफ मेगा मॉल**

गुरुग्राम के डीएलएफ मेगा मॉल में आप क्रिसमस सेलिब्रेट करने के लिए जा सकते हैं। मॉल के बाहर ही यहां पर क्रिसमस का आकर्षक सजावट देखने को मिलता है। यहां पर अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय ब्रांड्स क्रिसमस पर खास डिस्काउंट और ऑफर्स मिलते हैं। क्रिसमस को पर्व को मनाने के लिए और बच्चों के साथ घूमने के लिए अच्छा मौका है।

## फ्लोरल लहंगे में अमायरा दस्तूर ने दिखाया ग्लैमरस अवतार

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन अपने बोल्ड और एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में अमायरा की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छा गई हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।



एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि अमायरा दस्तूर अपने हर एक लुक में कहर बरपाती हैं फिर चाहे वो वेस्टर्न हो या एथनिक उनका हर एक लुक कमाल का है। अमायरा दस्तूर की इन फोटोड में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का फ्लोरल लहंगा पहना हुआ है और साथ ही स्लीवलेस ब्लाउज और फ्लोरल लुक में दुपट्टा भी कैरी किया है। एक्ट्रेस अपने इस ट्रेडिशनल लुक में बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। गले में नेकलेस, खुले बाल और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका कातिलाना अवतार फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- यू लुक सो ब्यूटिफुल। दूसरे यूजर ने लिखा है- गुड लुकिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- लुकिंग गॉर्जियस इन दिस लुक। ऐसे ही लोगो एक के बाद एक रिएक्शंस दे रहे हैं।

## प्याज काटने और धनिया सूखने से बचाने के काम आएंगे ये हैक्स



कभी-कभी रसोई में काम इतना बढ़ जाता है कि हमें अपने लिए समय नहीं मिलता। इसी चक्कर में छोटी-मोटी चीजों को लेकर समस्या होती रहती है। जैसे किचन में प्याज काटना मुश्किल टास्क लगता है। कभी खाने में नमक ज्यादा हो जाता है, तो कभी धनिया और पुदीना जैसे हर्ब्स भी जल्दी खराब हो जाते हैं। हालांकि कई बार यह छोटे-छोटे काम परेशानी भरे लगते हैं। ऐसे में आप स्मार्ट किचन टिप्स की मदद से अपनी स्किल्स में सुधार कर सकते हैं। साथ ही इससे काम भी जल्दी निपट जाएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको किचन में काम करने के अमेजिंग ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

जब भी हम प्याज काटते हैं, तो आंखों से आंसू आने लगते हैं। क्योंकि प्याज में सल्फर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में जब सेल्स टूटते हैं तो सल्फर रिलीज होता है। इसलिए प्याज काटने से पहले चाकू को तेज आंच में गर्म कर लें। इस तरह से जब आप प्याज काटेंगे तो आपके आंसू नहीं निकलेंगे।

## शादी-पार्टी के लिए स्किन टोन के हिसाब से ऐसे करें परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव



शादी का सीजन चल रहा है. वहीं क्रिसमस और न्यू ईयर भी आने वाला है. ऐसे में जगह-जगह पार्टी होस्ट की जाएंगी. अक्सर किसी भी शादी-पार्टी में जाने के लिए जब भी लड़कियां तैयार होती हैं तो उनके मन में एक सवाल जरूर होता है कि वो कैसी लिपस्टिक लगाएं. लिपस्टिक किसी के लुक को निखारने का काम करती है. लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा रहता है. महिलाएं हमेशा अपने लिपस्टिक के शेड का चुनाव बड़े ही सोच-समझ कर करती है. विंटर सीजन में अगर आप ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक के शेड का चुनाव करें. आइए जानते हैं परफेक्ट लिपस्टिक शेड का चुनाव करने के लिए कुछ हैक्स.

**डार्क स्किन टोन**

जिन महिलाओं की स्किन डार्क टोन है उन्हें डार्क वाइन, कॉपर ब्राउन, पर्पल कलर के शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक में आपका लुक बेहद ही बोल्ड और रिच नजर आएगा.

**डस्की स्किन टोन**

जिन महिलाओं की स्किन डस्की है उन्हें रिच और ब्राइट कलर्स लिपस्टिक का चुनाव करना चाहिए. इसी के साथ इस टोन की महिलाएं मैरून, डीप प्लम, चॉकलेट ब्राउन शेड्स का भी चुनाव कर सकती हैं. इस तरह की लिपस्टिक डार्क कलर के आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी.

**मीडियम स्किन टोन**

अगर आपकी स्किन टन मीडियम है तो आप मोव, वॉर्म ब्राउन या पिंच कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं. इस तरह के लिपस्टिक का शेड न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे अप्लाई करने के बाद आप लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा. वहीं इस तरह की लिपस्टिक आप लाइट कलर के आउटफिट के साथ मैच करके अप्लाई कर सकती हैं.

**फेयर स्किन टोन**

जिन महिलाओं का स्किन फेयर है उन्हें लाइट और पेस्टल टोन शेड्स वाली लिपस्टिक चुननी चाहिए. इस तरह की लिपस्टिक ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए बेट्स हो सकती हैं. फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं पिंक न्यूड कोरल, लाइट पिंक, क्लासिक रेड कलर की लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं और इस तरह की लिपस्टिक आप अपने आउटफिट के हिसाब से मैच करके अप्लाई कर सकती हैं. वहीं ग्लैमरस लुक के लिए आप वाइन कलर की लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं.

## सर्दियों में आइसक्रीम खाना सही है या नहीं? जानिए डाइटिशियन की राय

सर्दियों में आईसक्रीम खाना ट्रेंड बनता जा रहा है. अक्सर लोग बाहर घूमने जाते हैं तो आइसक्रीम खाना तो बनता है. सर्दियो में लोगों को आइसक्रिम खाने में मजा भी आ रहा है. कुछ लोग इस समय पहाड़ों की बर्फबारी का मजा लेना पसंद करते हैं, तो कुछ समुद्र किनारे छुट्टियां बिताते हैं. क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में आइसक्रीम खाना कितना सही है? जहां एक तरफ आइसक्रीम का मजा हर उम्र के लोगों को आता है, वहीं दूसरी तरफ सर्दियों में इसका ज्यादा सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है. इस पर विशेषज्ञों की राय जानना बेहद जरूरी है.

क्या सर्दियों में आइसक्रीम खाना सेफ है?

डाइटिशियन के मुताबिक, किसी भी मौसम में आइसक्रीम का ज्यादा सेवन हेल्द के लिए सही नहीं है.आइसक्रीम में शुगर और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, जो वजन बढ़ाने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकती है. खासकर सर्दियों में इसे खाने से बचना चाहिए.

सर्दियों में ठंड के कारण शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है. इस दौरान आइसक्रीम खाने से सर्दी-जुकाम, खांसी और अन्य इंफेक्शन्स का खतरा बढ़ जाता है.

अगर आइसक्रीम खाने का मन करे तो क्या करें?

डाइटिशियन का कहना है कि अगर आपको आइसक्रीम खाने का बहुत मन कर रहा हो, तो इसे दिन के समय (दोपहर या शाम) में कम मात्रा में खा सकते हैं। लेकिन रात में आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, क्योंकि ठंड के कारण सर्दी-जुकाम का खतरा और बढ़ सकता है।

किन लोगों को आइसक्रीम से पूरी तरह बचना चाहिए?

आइसक्रीम इन समस्याओं को बढ़ा सकती है और गले में जलन या दर्द हो सकता है. ऐसे लोग जल्दी सर्दी-जुकाम की चपेट में आ सकते हैं.

आइसक्रीम में मौजूद शुगर उनके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है, जिससे स्थिति बिगड़ सकती है.



## शब्द सामर्थ्य -273

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## तेजस्वी प्रकाश के लिए भोजन प्रेम की भाषा



लोकप्रिय कुकिंग-आधारित शो 'मास्टर शेफ इंडिया' में टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश भाग लेने को तैयार हैं। उत्सुक अभिनेत्री ने भोजन को एक प्रेम भाषा बताया।

शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए तेजस्वी ने कहा, रियलिटी टीवी शो ने मुझे निडर होना सिखाया है, लेकिन नेशनल टेलीविजन पर खाना बनाने को लेकर थोड़ी घबराहट है। मेरा वास्तव में मानना है कि भोजन एक प्रेम की भाषा है, इसलिए मैंने दर्शकों को प्रभावित करने के लिए अपना दिल (पाक कौशल) दांव पर लगाने का फैसला किया और मुझे उम्मीद है कि यह सफलता की वजह बनेगा।

लोकप्रिय टीवी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' का नया सीजन 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ-अब उन सबकी सीटी बजेगी' सेलिब्रिटी प्रतियोगियों के साथ दर्शकों के सामने आने को तैयार है। इस शो में हस्तियां अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करते और रसोई में अपनी योग्यता दिखाते नजर आएंगे।

दिलचस्प बात यह है कि पहली बार 'मास्टर शेफ इंडिया' में लोकप्रिय टेलीविजन और इंटरनेट की हस्तियां प्रतियोगियों के रूप में शामिल होंगी। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' इंडिया 2024 के लिए पुष्टि किए गए प्रतियोगियों में गौरव खन्ना, उषा नादकर्णी, दीपिका कक्कड़, राजीव अदातिया और कॉमेडियन चंदन प्रभाकर जैसे लोकप्रिय टेलीविजन के चेहरे शामिल हैं। शो में बिग बॉस फेम एल्विश यादव और रुबीना दिलैक जैसी हस्तियों के भी शामिल होने की चर्चा है। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया' सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाला शो है। नौवें सीजन को फराह खान होस्ट करेंगी। शेफ विकास खन्ना और रणवीर बरार जज के रूप में वापसी करने को तैयार हैं। हालांकि, शो कब से शुरू होगा इसकी आधिकारिक तारीख अभी तक सामने नहीं आई है।

'मास्टर शेफ इंडिया' के अलावा, मास्टर शेफ तमिल और मास्टर शेफ तेलुगू भी लोकप्रिय है। शो का पिछला सीजन सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।



**दुबई में राज कपूर की पोती ने मचाया तहलका, 44 की उम्र में करीना ने दिखाया टोन्ड फिगर**

# ओवर आल चैंपियन का खिताब जीता चरचा आरओ की टीम ने

### जीवन अनमोल है-बीएन झा
### उप क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का भव्य समापन

**चरचा कालरी।** स्थानीय श्रम वीर स्टेडियम में आयोजित एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर उप क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2024 का भव्य समापन मुख्य मुख्य अतिथि बी .एन .झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

समापन समारोह में जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक चर्चा आर ओ, डॉक्टर संजय कुमार सिंह क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी बैकुंठपुर क्षेत्र ,डॉक्टर अशोक विराजी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा, वी. एस .परिहार क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बैकुंठपुर क्षेत्र, सिमरजीत सिंह खान प्रबंधक चर्चा, सुरेश राम क्षेत्र प्रबंधक कटकोना, बी. के. पांडे खान प्रबंधक झिलमिली ,एम .आर. मडावी सुरक्षा अधिकारी चर्चा ,के .ए .अंसारी रेस्क्यू ऑफिसर सहित बैकुंठपुर क्षेत्र के समस्त एरिया जेसीसी, एरिया वेलफेयर ,यूनिट पदाधिकारी सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे प्रतियोगिता मैं टीम ए ओवरऑल चैंपियन का पुरस्कार चर्चा आर. ओ. और टीम बी में



झिलमिली कालरी की टीम को मिला वही बेस्ट स्ट्रेचर डील का पुरस्कार भी टीम भी चर्चा ने अपने नाम किया प्रतियोगिता के बेस्ट कैप्टन का पुरस्कार टीम ए के कैप्टन ए . विघ्नेस चर्चा, टीम बी के कैप्टन मिथलेश साहू झिलमिली व टीम सी के कप्तान अंजली कुमारी को मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया, बेस्ट लेडिज टीम का पुरस्कार कटकोना की टीम को प्राप्त हुआ कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु डॉ अशोक विराजी, एम. आर. मडावी ,रियाज अहमद आदि विशेष रूप से सक्रिय थे।

मुख्य अतिथि बी.एन. झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र ने अपने संबोधन में कहां की जीवन अनमोल है जिसमें स्वास्थ्य हेतु फर्स्ट एड अर्थात पहली उपचार सहायता अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे हम जीवन रक्षा करने में काफी हद तक सफल होते हैं प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार का ज्ञान होना चाहिए आज के दौर में सड़क दुर्घटना, ट्रेन दुर्घटना सहित अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं अपने से नहीं और व्यक्तियों से दुर्घटनाएं हो जाती हैं हार्ट अटैक की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है ऐसी स्थिति में प्राथमिक उपचार की अहम भूमिका रहती है प्राथमिक उपचार से प्रशिक्षित व्यक्ति सीपीआर देना ,माउथ तो माउथ रेसिटेशन आदि उपचार के माध्यम से जीवन सुरक्षित कर सकता है बैकुंठपुर क्षेत्र में आधे कर्मचारी यदि फर्स्ट एड प्रशिक्षित हो जाए तो निश्चित रूप से कोरिया जिले में हम स्वास्थ्य उपचार में मदद कर सकते हैं।

#### कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से एक बढ़कर शानदार रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसकी वजह से अंत तक काफी संख्या में दर्शक जमे रहे बहुत दिनों के बाद यह पहला कार्यक्रम था जिसमें कार्यक्रम के समापन तक दर्शकों की उपस्थिति बनी रही कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर अशोक विराजी व रियाज अहमद के द्वारा किया गया समापन समारोह में आयोजकों के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले ,सहयोग करने वाले व समस्त बच्चों को पुरस्कार दिया गया पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेता दल भी खुशी में नाचते नजर आए।

### विष्णु की पाती पढ़कर किसान हुए खुश
## कृषि सम्मेलन: किसानों को मिली नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र सल्का में आज दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार कार्यशाला सह किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो सहित क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने दलहन-तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, और मुर्गी पालन से वे अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किसानों को धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन और मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा, वैज्ञानिक तरीकों और आधुनिक तकनीकों से खेती करने से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में किसानों को कई योजनाओं का लाभ दिया गया। किसानों को निश्शुल्क चना बीज वितरित किया गया। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। धान हितग्राही किसानों को माइक्रो एटीएम से 10,000 रुपये की राशि वितरित की गई। किसानों ने कहा कि इस बार भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रहे हैं। विगत वर्ष कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि मिलने से काफी मदद मिली थी।

धान खरीदी में पूरी पारदर्शिता रखी गई है, इसके लिए जिला प्रशासन को किसानों ने आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का पाती (पत्र) पढ़कर मन को अच्छा लगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक कमलेश सिंह और उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती ने किसानों को जैविक खेती और मधुमक्खी पालन की तकनीकों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

### करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा-कलेक्टर
## कोरिया में 25 हजार बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क अंग्रेजी शिक्षा



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की विशेष पहल से कोरिया जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं तक के करीब 25 हजार बच्चों के लिए एक नई शुरुआत होने जा रही है। इन बच्चों को अब निश्शुल्क अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे वे पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष हो सकेंगे।

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एनजीओ स्टेप अप फॉर इंडिया (सुफी) और जिला शिक्षा विभाग के बीच एमओयू साइन हुआ। इस अवसर पर एनजीओ की प्रतिनिधि सुश्री सायला रेड्डी और जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के तहत ऑडियो-वीडियो, चित्रात्मक सामग्री, पुस्तकों और पोस्टरों के माध्यम से बच्चों को अंग्रेजी सीखने का अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस पहल को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव बताया। उन्होंने कहा, कोरिया जैसे सुदूर अंचल के बच्चों को अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाना उनके करियर निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

यह शिक्षा उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि उनकी झिझक भी दूर करेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, यह पहल ग्रामीण बच्चों को अंग्रेजी के प्रति उनकी झिझक दूर करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होगी। इससे बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। यह कार्यक्रम कोरिया जिले की शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देने के साथ-साथ बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। कलेक्टर की इस पहल से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज हुआ है।

### मालगाड़ी से टकराए बाइक सवार, एक की मौत

**सूरजपुर।** जिले के बतरा रेलवे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है. रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बाइक सवार दो युवक मालगाड़ी से टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक घायल हुआ हैजानाकारी के मुताबिक, करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा रेलवे ट्रैक से मालगाड़ी के गुजरने का समय था. रेलवे क्रॉसिंग में फाटक नहीं होने से बाइक सवार ट्रैक पार करने लगे. इसी बीच अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में एक की मौत हुई तो दूसरा घायल हो गया है. यहां फाटक नहीं होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दर्दनाक हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला है. मृतक के नाराज परिजनों को काफी समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने शव को उठाया।

### आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** सूनसान क्षेत्र में महिलाओं से लूटपाट कर दुष्कर्म करने वाले साइको किलर को भिलाई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए जेवर बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवातरिया खेदामारा निवासी प्रार्थिया द्वारा थाना जामुल में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि मैं घर साफसफाई का काम करती हूँ।

## आत्मविश्वास और उत्साह से मेहनत करने पर मिलती है सफलता: उप मुख्यमंत्री साव



**रायपुर।** अपनी मंजिल तय करते वक्त खुद को किसी सीमा में न बांधें, आत्मविश्वास के साथ शत प्रतिशत मेहनत करें। जो युवा आत्मविश्वास और उत्साह से भरा होता है वही सफल होता है और इतिहास बनाता है। असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए, प्रयत्न करने से सफलता अवश्य मिलती है। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने डागा कन्या महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में कही। उप मुख्यमंत्री श्री साव राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के लिए वार्षिक उत्सव का अलग महत्व होता है। कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं के प्रदर्शन




का अवसर मिलता है एवं उनमें आत्म विश्वास की वृद्धि होती है। इस दौरान कार्यकम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी ने की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गोवर्धन दास डागा मदन लाल तालेडा, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राज किशोर नत्थानी, देवीचंद श्रीमाल, रूपचंद श्रीमाल, सुरेश शुक्ला, डागा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संगीता घई के साथ अन्य प्राध्यापकगण के अलावा कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थी। कार्यकम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

### आदर्श गौशाला एवं सेवा संस्थान ग्राम देवगई एवं श्रीश्यामा गौशाला समिति देवीगंज में गौ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग रायपुर के निर्देशानुसार एवं विकासखंड रामचंद्रपुर के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ एस एस सेंगर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विकासखंड रामचंद्रपुर के आदर्श गौशाला एवं सेवा संस्थान ग्राम देवगई एवं श्री श्याम श्यामा गौशाला समिति देवीगंज में गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया । गौपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामचरित्र सोनवानी, रामानुजगंज मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता,सनावल मंडल अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, महावीरगंज मंडल अध्यक्ष नारद यादव , वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील तिवारी, ललन यादव , बलवंत सिंह , गौशाला समिति के अध्यक्ष बद्री यादव गौशाला समिति के कोषाध्याय आनंद चौबे एवं देव कुमार सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त, गौ सेवक , माता, बहिनें एवं पशुपालक उपस्थित रहे। गौपूजन कार्यक्रम में गौवंश की विधि विधान से पूजा पाठ करके उनको गुड और केला का प्रसाद खिलाया गया। साथ ही कृमि नाशक दवा का पान कराया गया एवं मिनरल मिक्चर का वितरण किया गया। गौ पूजन कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के अतिरिक्त उपसंचालक डॉक्टर एस एस सेंगर , सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विजय जायसवाल, मोबाइल चिकित्सा इकाई के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश यादव, विनेश यादव, लवकेश पांडे ,मुकेश पाल,संतोष कश्यप, गोपाल प्रजापति, रामकुमार सिंह, देव कुमार, सुकुमार मंडल, प्रिंस सिंह एवं अन्य गौ भक्तों पशुपालक बंधुओं का सराहनीय योगदान रहा।

### न्यू लाईफ में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ' हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित ''न्यू लाईफ'' इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग महाविद्यालय में 3 दिवसीय एनवल फिस्टा का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के साथ संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्युल एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रथम दिवस में आन्नद मेला, रेटरो सिंगिंग (सोलो एण्ड ग्रुप) लेमन रेष, एकल नृत्य एवं द्वितीय दिवस में क्विज, साड़ी डेपिंग, मेंहदी, पोट डेकोरेशन, हेयर स्टाईल, एवं तृतीय दिवस में ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, एवं क्रिसमस सेलिब्रेशन जैसे प्रतियोगिता सम्मिलित थे, प्रतियोगिता में समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को चार ग्रुप रूबी स्टोन, तोपाज स्टोन, ऐमरेल्ड स्टोन, एवं सफायड स्टोन, में बांटा गया था। प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने प्रतिभा का भरपुर प्रदर्शन करते हुए हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया, एवं अंतिम दिवस में प्राचार्य एवं समस्त स्टाफके द्वारा क्रिसमस केक काटा गया साथ ही नर्सिंग के छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा क्रिसमस मनाया गया।

## नागरिकों को प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही काम:मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री ने कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कारों का किया वितरणमुख्यमंत्री ने कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कारों का किया वितरणमुख्यमंत्री ने कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कारों का किया वितरण। प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मेडिकल कॉलेज रायपुर में आज कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य योद्धाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कायाकल्प से सम्मानित संस्थाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 लाख से अधिक लोगों के स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि परिवेश की स्वच्छता के साथ ही अस्पताल की स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था, उसमें अस्पताल की स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सांसद रहने के रहने के दौरान मेरे दिल्ली स्थित निवास में इलाज के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन मेरे आवास में ही रुकते थे। तब मेरे घर की व्यवस्था देख श्रद्धेय स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने कहा था कि तुमने तो अपने घर को मिनी एम्स बना रखा है। श्रद्धेय अटल जी के कार्यकाल के दौरान रायपुर एम्स की जब स्वीकृति मिली तो वास्तव में छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता खुल गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील नेतृत्व ने आम जनता के कारगर इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना तैयार की। गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के इलाज की व्यवस्था हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वो अपने वयोवृद्ध लोगों का कितना ख्याल रख पाता है। हमारे बुजुर्ग अपना पूरा जीवन समाज के लिए देते हैं और समाज का फर्ज है कि उनकी पूरी देखरेख करें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के लिए भी पांच लाख रुपए तक के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का फोकस है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी मिले। बस्तर के कुछ गाँव ऐसे भी थे जहां बरसों तक माओवादी हिंसा की वजह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। अब वहां स्वास्थ्य शिविर लग रहे हैं। लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़िया हुआ है इसका असर मेडिकल टूरिज्म के रूप में दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में भी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल्स में पड़ोसी राज्यों से भी मरीज आते हैं। हम लगातार छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर करने काम कर रहे हैं। आंबेडकर हास्पिटल में हम 700 बिस्तर अस्पताल भवन तैयार कर रहे हैं। इसके बाद यहां की क्षमता दो हजार मरीजों की हो जाएगी।छत्तीसगढ़ में मेडिकल कालेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हमने चार मेडिकल कालेजों के भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

हमारे हिंदी मीडियम के और ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए हम हिंदी माध्यम में मेडिकल की शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटें भी बढ़ाई गई हैं ताकि विशेषज्ञ डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लिए गए बड़े निर्णय और अपने प्रयासों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने मेकाहारा में 700 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति, 4 नए मेडिकल कॉलेज भवन की स्वीकृति और बुनियादी स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिलने पर पूरे स्वास्थ्य अमले को बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार में न केवल प्रदेश के बड़े शहरों तक बल्कि अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का काम जारी रखा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है। उन्होंने पुरस्कृत होने वाले सभी संस्थाओं और स्वास्थ्य योद्धाओं को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अब स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही है। हमारे स्वास्थ्य केंद्र निजी संस्थान से मुकाबला कर रहे है। श्री साव ने स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाभावना और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब कोई मरीज चिकित्सा उपरांत स्वस्थ होता है तो हमें अपनी पूरी व्यवस्था पर गर्व होता है और संतुष्टि मिलती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी के साथ बढ़ रही है और इससे प्रदेश के लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग के लिए उत्सव का दिन है और प्रदेश भर के स्वास्थ्य योद्धा हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के अल्प समय में स्वास्थ्य सुविधाओं ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचनाओं के विस्तार सहित आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्री सुनील सोनी, गुरु खुशवंत साहेब, श्री अनुज शर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में जिला अस्पताल श्रेणी में प्रथम स्थान जिला अस्पताल बेमेतरा, द्वितीय स्थान जिला अस्पताल कोण्डागांव और कंसिस्टेंसी पुरस्कार जिला अस्पताल जगदलपुर को दिया गया। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला जिला जशपुर, द्वितीय स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया जिला कबीरधाम और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजातलाब जिला रायपुर, द्वितीय स्थान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजकिशोरनगर जिला बिलासपुर को मिला। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागोडार जिला कांकेर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राहोद जिला जांजगीर चांपा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी जिला बेमेतरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा जिला रायपुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटईकेला जिला सरगुजा को दिया गया।

## गौरव पथ भारी वाहन नहीं चलेंगे, फिर से लॉलीपॉप

**कोरबा।** साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड और नगर पालिका क्षेत्र दीपका में पिछले वर्षों में तैयार किया गया गौरव पथ कभी भी लोगों के लिए गौरव का विषय नही बन सका। भारी वाहनों के परिचालन से उसकी दुर्दशा और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों की लापरवाही के कारण जनता को सदैव से इस बात की शिकायत रही कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। एक बार फिर लोगों को लॉलीपॉप देने की कोशिश की गई है कि गौरव पथ पर भारी वाहन नहीं चलेंगे, वह भी बहुत जल्द। यहां के लोग हैरान है कि इस प्रकार से कोई कैसे बार-बार झुठ बोल सकता है। लोगों को लगता है कि उनके साथ छल करने की बेहतर कोशिश हो रही है।

# जुराली में एनएच की परेशानी कायम लोग हुए बागी, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

### मुआवजा और भू-अर्जन को लेकर अलग-अलग दावे



**कोरबा।** कटघोरा सब डिवीजन के अंतर्गत नेशनल हाईवे 130 बी का निर्माण कार्य जुराली के पास काफी समय से अटका हुआ है। यहां की जमीन को लेने के लिए प्रशासन ने तीसरी बार कोशिश की। लगभग 100 से अधिक लोगों की जमीन को लेकर विवाद है। लोगों ने पहले मुआवजा और वह भी बढ़ी दर पर देने की मांग की है। जबकि प्रशासन का तर्क है कि भू-अर्जन की नीति के हिसाब से काम होगा।

वर्ष 2024 में इस काम को अंतिम रूप देने के लिए प्रशासन ने पूरजोर मेहनत की लेकिन कोई नतीजा नहीं आ सके। जबकि सर्वे से लेकर अन्य प्रक्रियाएं पिछले कई साल से शुरू हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन खेती और अन्य कारण से महत्वपूर्ण है। एनएच के लिए जमीन अर्जित होने के बाद उनके आर्थिक हित प्रभावित होंगे। वे चाहते है कि दूसरी परियोजनाओं के लिए जिस दर पर मुआवजा दिया जा रहा है, उसका पालन इस मामले में होना चाहिए। इससे पहले दो बार प्रशासन की ओर से यहां पहुंचकर सर्वेकृत जमीन को लेने की कोशिश की गई, लेकिन लोगों के विरोध से बात नहीं बन सकी। दूसरे मौके पर एसडीएम ने लोगों को कहा था कि असर्वेक्षण कृत प्रकरणों का निपटारा 3 महीने में कर दिया जायेगा।

# बस स्टेण्ड को एक महीने के लिए मेला ग्राउण्ड किया शिफ्ट

**कोरबा।** कई प्रकार की मुसीबतों को ध्यान में रखते हुए बताया गया कि कटघोरा के बस स्टेण्ड में आवश्यक रूप से सुधार कार्य कराये जायेंगे। संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऐसा करना जरूरी है। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि निर्माण कार्य को लेकर अगले एक महीने के लिए बस स्टेण्ड का संचालन कटघोरा के मेला ग्राउण्ड से किया जायेगा।

सोमवार 23 दिसंबर से इस व्यवस्था को प्रभावशील किया जा रहा है। इस स्थिति से किसी भी दिशा की यात्री बसों का आना-जाना मेला ग्राउण्ड मैदान से ही होगा। यहां उपस्थिति होने के बाद वे अपने गंतव्य को जायेगी। नगर पालिका परिषद ने इस बारे में सूचनाएं प्रसारित कर दी है। बस संचालकों को इस हिसाब से व्यवस्थाएं करने के लिए कहा गया है। बताया गया कि कटघोरा के मौजूदा बस स्टेण्ड में सीसी रोड खराब है। प्रतिक्षालय में भी कई प्रकार की दिक्कतें है। बारिश के मौसम में कई स्थितियां ऐसी आई जबकि ट्रांसपोटर्स के साथ-साथ आम यात्री परेशान हुए। अलग-अलग माध्यम से इन बातों को प्रशासन से संज्ञान में लाया गया। इसलिए अब बस स्टेण्ड को व्यवस्थित करना जरूरी हो गया है। बताया गया कि 26 जनवरी से लगने वाले कटघोरा के मीना बाजार कृषि मेला से पहले बस स्टेण्ड के काम को ठीक करा लिया जायेगा। ताकि अस्थाई व्यवस्था को पुरानी जगह बहाल किया जा सके।

### निजी जमीन पर पौधारोपण से नाराजगी

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायत पसरखेत के आश्रित ग्राम धौराभांटा में रहने वाले ग्रामीण इन दिनों काफी परेशान है। ग्रामीणों की परेशान की वजह उनके कब्जे की जमीन पर वन विभाग द्वारा पौधारोपण की तैयारी किया जाना है।



## घायल हाथी की स्थिति में हो रहा सुधार

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में घायल हुए हाथी को ट्रेंक्यूलाईज कर उपचार कराई जाने के बाद उसकी स्थिति में धीरे धीरे सुधार हो रहा है। घायल हाथी अभी बड़मार जंगल के कक्ष क्रमांक 1015 में विचरण कर रहा है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हाथी अब पहले की तुलना में अच्छे से चल फिर रहा है। हालाकि इसकी निगरानी लगातार वन विभाग द्वारा की जा रही है। डाक्टरों ने 10 दिनों तक हाथी को दवा खिलाने की सलाह दी है। जिसपर हाथी को लगातार दवा खिलाया जा रहा है 10 दिनों में उसकी स्थिति में अपेक्षा जनक सुधार नही होने पर डाक्टरों की टीम पुनः आयोजित और उसका उपचार करने के लिए दुबारा प्रयास करेगें। ज्ञात रहे ' पखवाड़े भर पहले एक गड्ढे में गिरकर हाथी चोटील होने के साथ घायल हो गया था। और चल फिर नही पा रहा है। जिसका उपचार गत दिनों विशेषज्ञ डाक्टरों ने किया है। इस बीच 12 हाथियों का दल नवापारा क्षेत्र में जमें हुए है। हाथियों का यह दल उर्पाजन केन्द्र के नजदीक पहुंच जाता है। जिससे वहां के कर्मचारी काफी दहशत में है। केन्द्र के कर्मचारी हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों की मदद लेते है। उधर कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के एलोन गांव में 28 हाथियों के दलमें उत्पाात मचाते हुए ग्रामीणों के बाड़ी में लगे सब्जी के पौधो को रौंद दिया है। जिससे क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण दहूशत में है।

# मगरमच्छ का रेस्क्यू, वन विभाग ने छोड़ा जलाशय में

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पाली रेंज के सिल्ली सर्किल में शिवपुर गांव में एक मगरमच्छ तालाब से निकलकर गांव के निकट घुम रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे रेस्क्यू कर खुंटाघाट जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया।

पाली रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि रेस्क्यू किये गये मगरमच्छ नर है तथा उसकी लंबाई 2 मीटर के लगभग यह आज सुबह शिवपुर गांव में स्थित तालाब से बाहर निकलकर ग्रामीण इलाके में विचरण कर रहा था, जिसे ग्रामीणों के साथ-साथ मगरमच्छ को भी खतरा बना हुआ था। मगरमच्छ को तालाब के बाहर व गांव के निकट घुमते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना उन्हें दी। जिस पर उनके नेतृत्व में वन विभाग की टी तत्काल मौके पर पहुंची और विचरण कर रहे मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सुरक्षित खारंग जलाशय खुंटाघाट रतनपुर में छोड़ दिया गया। इस कार्य में ग्रामीणों की मद्द भी ली गई। इससे पहले भी क्षेत्र में कई बार मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया है। बताया जाता है कि खुंटाघाट जलाशय से निकलकर मगरमच्छ क्षेत्र में आ जाते है और तालाबों में डेरा जमा देते है।



## ओवर ब्रिज निर्माण स्थल का देखा जेसीसी सदस्यों ने

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना के अधिकारियों व जेसीसी सदस्यों ने ओवर ब्रिज निर्माणस्थल का अवलोकन किया। निर्माण स्थल पर किस तरह के परिवर्तन किए जा सकते है। इसका जायजा लिया गया। संयुक्त मोर्चा के द्वारा लगातार ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में परिवर्तन करने की मांग की जा रही है। इनका कहना है कि इस ओवर ब्रिज के बनने से कोयला कामगारों को परेशानी होगी। सारा धूल घरों में प्रवेश कर जाएगा। दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। जेसीसी सदस्य रेशम लाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल सादव, प्रीतम राठौर, जनाराम कर्ष ने अधिकारियों को कई सुझाव दिए।

## सड़क की दशा सुधारने हुई चर्चा

**कोरबा।** बीकेकेएमएस और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य आई आर की वार्ता आयोजित की गई। जिसमें कालोनी की सड़को की दशा सुधारने पर चर्चा हुई कहा गया कि कालोनी में बनें सड़क काफी पुराने हो चुके है। जिसका निर्माण किए जाना जरूरी है। इसी तरह कोयला कामगारों की जनर्री को लेकर चर्चा की गई । कोयला कामगारों को प्रत्येक वर्ष घूमने के लिए अवसर दिए जाते है। लेकिन यात्रा के इतने कड़े नियम है। कि कोयला कामगारों को परेशानी होती है। नियमों में सरनीयकरण करने की मांग की गई। कोयला कामगारों के अन्य समस्याओं को भी जोर शोर से उठाया गया। नेहरू चिकित्सालय शताब्दी में दवाईयां लेते समय लोगों की भीड़ लग जाती है। भीड़ में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की गई है। बैठक में प्रीमत राठौर ,मदन सिंह, मणिकांत, कुलदीप कुमार, विरेन्द्र राठौर , बाबू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डरें नहीं फर्जी वीडियो कॉल से, करें 1930 पर शिकायत

**कोरबा।** साईबर फ्राड से जुड़ा गिरोह लगातार नये पैंतरे आजमा रहा है। इसके जरिये लोगों को अलग-अलग प्रकार से झांसे में लेने और डराने-धमकाने के साथ चपत लगाई जा रही है। लगातार हो रही घटनाओं पर देश के गृह मंत्रालय ने सख्ती दिखाई है। कहा गया है कि नेशनल हेल्प लाईन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत किये जाने पर संबंधितों के खिलाफ एक्शन होगा। कोरबा शहर में भी पिछले कुछ महीनों में साईबर फ्राड के लेटेस्ट मॉडल के कारण काफी लोग शिकार हुए है। वीडियो कॉल के जरिये लोगों को फ्राड ने कस्टम अधिकारी, सीबीआई अधिकारी और पुलिस के नाम से धमकाया। प्रभाव में आने पर लोगों ने कई चीजें बताई और लाखों का नुकसान झेला। गृह मंत्रालय की सख्ती के बाद लगातार टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा यह संदेश प्रसारित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने मोबाईल पर आने वाले वीडियो काल से डरें नहीं।

## प्रदर्शन में शामिल होने युवक कांग्रेसी कल जाएंगे रायपुर

**कोरबा।** युवक कांग्रेस के द्वारा के द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ कल रायपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में जिला ग्रमीण अध्यक्ष विकास सिंह, रहमान खान के नेतृत्व में कार्यकर्ता रायपुर जाएंगे। ब्लाक अध्यक्ष विक्रम राठौर सददाम हुसैन, कुनाल अजाद, राजेश यादव राजेन्द्र यादव को कहा गया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए तैयार करे।

# कामधेनु गौशाला में गौ-पूजन और हवन कर गौ सेवकों ने मनाया सुशासन दिवस

### जीवन के हर क्षेत्र में गौवंश का है विशेष महत्व: अजय

**कोरबा।** छग में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर ग्राम मुरली में स्थित कामधेनु गौशाला में ग्राम वासियों एवं गौ सेवकों के द्वारा मां गायत्री का यज्ञ कर पूजा अर्चना हवन व गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया ।साथ ही ग्राम के युवाओं एवं गरीबों को गर्म कपड़े बांटे गए । इस अवसर पर गौसेवकों को भगवा वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम-चोढा के कार्तिक सरूते एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सनातन संघर्ष समिति जिला कोरबा के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर समाजसेवी अजय कुमार दुबे ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति अत्यंत प्राचीन है। जिसमें गौ माता का सनातन काल से ही पूजनीय स्थान रहा है । गौ माता एक मात्र ऐसी पशु है, जिसका जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक वस्तु का इस्तेमाल हमारे समाज कल्याण में किया जाता है । उन्होंने आग्रह किया कि प्रत्येक घर में एक गौ माता होनी चाहिए एवं आने वाले पीढ़ी को गौ माता के महत्व के विषय में अवगत कराना चाहिए। गौशाला में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें श्री कार्तिक सरूते, गौशाला के संचालक विनोद शुक्ला,दशरथ कंवर , विदेशी कंवर एवं चंदर सिंह मरकाम, चंद्रभान सिंह के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। गायत्री परिवार के चमन लाल यादव एवं उनकी टीम द्वारा गौ माता की आरती की गई एवं उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को भोग वितरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम मुरली के सरपंच श्रीमती राजमती कंवर एवं महिला पंच गण, श्रीमती मंजुला शुक्ला व घासीदास महंत, ठंडा राम गंधर्व, शिवनारायण शंकर सिंह, नोहर सिंह विजय सिंह एवं अन्य गणमान्य ग्राम वासी उपस्थित हुए।

## धीमा चल रहा स्मार्ट मीटर लगाने का काम

**कोरबा।** विद्युत कनेक्शन को स्मार्ट करने में विद्युत विभाग के कार्य की गति काफी धीमी गति से चल रही है। स्थिति यह है कि छह माह में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 24 हजार 889 विद्युत कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। जिले में लभभग 2 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। विद्युत वितरण विभाग की कार्ययोजना पिछड़ रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी की ओर से कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, शासकीय व निजी संस्थानों के विद्युत कनेक्शन को स्मार्ट मीटर से जोडने् का कार्य एक निजी कंपनी को दिया गया है। शहरी क्षेत्र के तुलसी नगर, पाड़ीमार और दर्री जोन में पुराने विद्युत मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी ने यह कार्य जून माह से शुरू किया था। लेकिन प्रक्रिया इतनी धीमी गति से चल रही है कि जिले में छह माह के भीतर लगभग 24 हजार889 विद्युत कनेक्शनधारियों के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। यह अन्य जिले की अपेक्षा काफी पीछे है।

# पसान क्षेत्र में बाघ की दस्तक ग्रामीणों को किया गया सतर्क



**कोरबा।** जिले के जंगल में बाघ आ जाने से सतर्क एवं सावधान रहने हेतु मुनादी कराने के संबंध में तत्काल सूचना व निर्देश वनमंडल अधिकारी कटघोरा कार्यालय से जारी किया गया है।

इस संबंध में वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने बताया कि बाघ अभी वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र के सीमा तथा मरवाही वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। पसान वन परिक्षेत्रान्तर्गत रहने वाले चरवाहों को सतत सतर्क रहने व जंगल की ओर न जाने के लिए निषेधाज्ञा जारी किया गया है। पसान वन परिक्षेत्राधिकारी सहित समस्त परिक्षेत्र सहायक/परिसर रक्षक लोग अपने-अपने उप परिक्षेत्र में लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क करने के काम में जुटे हुए है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बाघ की दस्तक कभी भी हो सकती है अतः वे जंगल से दूरी बनाए रखे और किसी भी सूरत में जंगल जाने की कोशिश न करें। जंगल में जाना जोखिमभरा हो सकता है। अतः सावधानी जरूरी है।

## अजगर के खौफ ने सक्ते में डाला मजदूरों को

**कोरबा।** हसदेव नदी के पास चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मौजूद मजदूर तब सक्ते में आ गये जब उन्होंने बीती रात अजगर की डरावनी आवाज सुनी। सर्च लाईट में एक स्थान पर उसकी उपस्थिति देखी गयी। अविलंव साईड इंचार्ज को जानकारी देने के बाद रेस्क्यू टीम को अवगत कराया गया। वन विभाग से मिले निर्देश पर एक टीम यहां पहुंची। उसने मौके से 10 फीट लंबे अजगर को अपने कब्जे में लिया। माना जा रहा है कि नजदीक से बह रही हसदेव और अनुकूल जलवायु के कारण अलगर ने इस क्षेत्र को अपना बसेरा बना लिया। उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

## वण्डर कॉटेज ने मनाया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** शारदा विहार अवासीय परिसर स्थित वण्डर कॉटेज स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव स्थानीय पार्क में धूमधाम से मनाया। देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्राचार्य रूबी मुखर्जी ने प्रस्तावना के साथ स्वागत उद्बोधन दिया। बच्चों के लिए इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व बुद्धिमता पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। समापन पर सामाजिक कार्यकर्ता अमृत लाल बत्रा के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिये गये। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक और नागरिक उपस्थित थे।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com